## अस्तित्व बचाने के लिए तीन बच्चे जरुरी-मोहन भागवत, घुसपैठ पर जताई चिंता

मथुरा 24 मार्च (निस) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में घुसपैठ को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से संदिग्ध अवैध प्रवासियों की जानकारी अधिकारियों को देने और यह सुनिश्चित करने का आहवान करते हुए कहा है कि ऐसे लोगों को( शेष पृष्ठ दो पर )

दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | संपादक - डा.के.के.संधू | प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 | वर्ष 9 अंक 82 बुधवार 25 मार्च, 2026 | Wednesday 25 March, 2026 | मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 | मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ली बैठक, अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच भारत की रक्षा तैयारियों को परखा



**नई दिल्ली,24 मार्च ( निस ) :** इजराइल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान पर हमला किया और उसके बाद ईरान ने भी इसका जोरदार दवाब दिया। यह युद्ध अब तक शांत नहीं हुआ। इस युद्ध के टेंशन को देखते हुए दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी और सुरक्षा से जुड़े प्रमुख विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की और इसके साथ ही भारत की सैन्य तैयारियों का भी व्यापक आकलन किया। बता दें इस बैठक का मुख्य उद्देश्य युद्ध की वजह से बदलते अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच भारत की रक्षा तैयारियों को परखना और किसी भी संभावित चुनौती के लिए रणनीति तय करना था। बता दें इस हाई लेवल बैठक में सीमा सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, एयर डिफेंस और ऑपरेशनल रेडीनेस जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में रक्षा मंत्री ने साफ कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी स्थिति से निपटने की क्षमता रखता है। बैठक में सेनाओं को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है जब वैश्विक स्तर पर सुरक्षा हालात तेजी से बदल रहे हैं और भारत हर स्थिति पर नजर रख रहा है।

# ईरान जंग पर पीएम मोदी की चेतावनीः लड़ाई जारी रही तो गंभीर नतीजे निकलने के आसार

### आज सर्वदलीय बैठक भी होगी, कहा-संकट के बावजूद एलपीजी व तेल की कमी नहीं



नई दिल्ली, 24 मार्च (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट का महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि ईरान से जुड़ा संघर्ष, जिसमें अमेरिका और इजरायल शामिल हैं, लंबे समय तक जारी रहा तो इसके गंभीर वैश्विक दुष्परिणाम होंगे। पीएम मोदी ने चेताते हुए कहा कि आने वाला समय भारत के लिए भी एक बड़ी परीक्षा की घड़ी साबित होगा, जिससे निपटने के लिए मिलकर काम करना होगा। उच्चसदन को संबोधित कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को चेताते हुए कहा, कि आने वाला समय भारत के लिए एक बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है। उन्होंने राज्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को 'टीम इंडिया' की भावना के साथ मिलकर काम करना होगा, जैसा कि कोविड-19 के दौरान किया गया था।पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा हालात का असर भारत के व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के फंसने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। उन्होंने बताया कि कई भारतीय क्रू सदस्य भी इन जहाजों पर मौजूद हैं और उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित होने से गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने सात एम्पॉवर्ड ग्रुप बनाए हैं, जो सप्लाई चेन, महंगाई और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता पर निगरानी रखेंगे। कालाबाजारी और जमाखोरी पर करें कार्रवाई -गरीबों और श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकारों से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। किसानों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी बुआई सीजन के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार इस दिशा में जरूरी कदम उठा रही है ताकि कृषि क्षेत्र प्रभावित न हो।

**अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीय वापस लाए** - विदेशों में फंसे भारतीयों को लेकर प्रधानमंत्री ने बताया कि अब तक 3.75 लाख से अधिक लोग वापस लाए जा चुके हैं। ईरान से भी हजार से अधिक भारतीय लौटे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल हैं। कुछ हमलों में भारतीयों की मृत्यु पर उन्होंने दुख जताया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया। सर्वदलीय ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पीएम मोदी-ट्रम्प मध्य वार्ताः मध्य-पूर्व में तनाव घटाने और होर्मुज को खुला रखने पर की चर्चा



नई दिल्ली 24 मार्च (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से बात की है। दोनों नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा की। यह जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने दी। सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, %राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अभी-अभी प्रधानमंत्री मोदी से बात की। उन्होंने मध्य-पूर्व में चल रही स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल था। इजरायल के राजदूत का बयान- इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने पीएम मोदी के होर्मुज वाले बयान पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की मौजूदा स्थिति की वजह सिर्फ यह है कि ईरानी शासन ने दुनिया को डराने और अमेरिका से रियायतें ऐंठने का फैसला( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमलाः बोले- विदेश नीति बनी 'निजी पॉलिसी'



**नई दिल्ली,24 मार्च ( निस ) :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि देश की विदेश नीति अब प्रधानमंत्री की निजी नीति बनकर रह गई है, जिससे भारत की वैश्विक स्थिति प्रभावित हो रही है। संसद परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री कमजोर हैं, तो देश की विदेश नीति भी कमजोर हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की नीति अब स्वतंत्र नहीं रह गई है और अमेरिका तथा इजरायल के प्रभाव में काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मौजूदा हालात केवल शुरुआत हैं और आने वाले समय में देश को कई आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने पेट्रोल, एलपीजी और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ने की आशंका जताई। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के हालिया भाषण पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वह गैर-प्रासंगिक था और उसमें देश के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों का समाधान नहीं दिखा। उन्होंने कोविड काल का जिक्र करते हुए सरकार की नीतियों की भी आलोचना की और कहा कि उस समय की त्रासदी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक का विरोध** - इसके( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## धर्मांतरण करने वाला शख्स अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाएगा- सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 24 मार्च (निस) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति ईसाई धर्म में धर्मांतरण कर लेता और उसका पालन करता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह सकता। मंगलवार को जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच सुनवाई कर रही थी। सवाल था कि क्या हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में जाने वाला व्यक्ति एससी/एसटी एक्ट लगाने के लिए अनुसूचित जाति के दर्जे का दावा कर सकता है?सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता। किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म हो जाता है। बेंच ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## सीएम का रंधावा मामले की जांच सीबीआई को देने से इंकार, मुख्य सचिव स्तर की कमेटी गठित



अमृतसर, 24 मार्च (निस) पंजाब के अमृतसर में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (डीएम) गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड मामले ने राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इंकार कर दिया है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही सख्त कदम उठा चुकी है और कानून के अनुसार कार्रवाई जारी है। सीएम मान ने बताया कि आरोपी पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर से इस्तीफा लेकर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए चीफ सेक्रेटरी स्तर की कमेटी गठित की गई है, जो पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करेगी। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार में मंत्री और संतरी सभी के लिए कानून एक समान है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच, पुलिस ने भुल्लर को गुपचुप तरीके से अदालत में पेश किया। जानकारी के अनुसार, उन्हें सुबह-सुबह( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना जा सकती हैं राज्यसभा! राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट

**रांची,24 मार्च ( निस ) :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन का अगला ठिकाना राज्यसभा हो सकता है। राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट है कि कल्पना सोरेन उच्च सदन का सदस्य बनकर झारखंड के मुद्दों को दिल्ली में उठाएंगी। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का राज्यसभा में जाना एक व्यक्तिगत राजनीतिक उन्नयन नहीं होगा, बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और राज्य की राजनीति पर इसके कई व्यापक प्रभाव पड़ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कल्पना सोरेन को राज्यसभा भेजना पार्टी के भीतर एक नई नेतृत्व पंक्ति को स्थापित करने का संकेत होगा। इससे दिल्ली में पार्टी मजबूत होगी। हेमंत सोरेन के साथ उनका उभरता राजनीतिक कद संगठनात्मक स्थिरता और भविष्य की रणनीति को मजबूती दे सकता है। यह कदम पार्टी में परिवार और संगठन के संतुलन को भी साधेगा। राज्यसभा के जरिए से राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण में सीधी भागीदारी मिलती है। कल्पना सोरेन यदि उच्च सदन में जाती हैं तो झारखंड( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## हरियाणा में भीषण सड़क दुर्घटनाः पिता और तीन मासूम बेटियों की मौत, मां गंभीर घायल




**हिसार 24 मार्च ( निस )** :हरियाणा के हिसार जिले में सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, परिवार अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी रिश्तेदारी जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें सीधे टक्कर मार दी। स हादसे में पिता और उनकी तीन छोटी बेटियों की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चों की मां गंभीर रूप से घायल हुई हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और परिवार के सदस्य सड़क पर दूर तक जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। इस हादसे ने सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी लापरवाही को उजागर किया है। एक ही मोटरसाइकिल पर पांच लोगों का( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# मंत्रिमण्डल की बैठक में कुल 31 एजेंडे रखे गए जिनमें से 18 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### गैस सप्लाई में पूरे विश्व स्तर पर आ रही समस्या, विपक्ष सहयोग की भावना से करे कार्य -सीएम

### एलपीजी के स्थान पर पीएनजी कनैक्शन उपयोग में लाए,कट्टर ईमानदारी की बात करने वाली आप पार्टी कट्टर भ्रष्टाचार में फंसी



चंडीगढ़, 24 मार्च (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई। लगभग 6 घण्टे चली बैठक में कुल 31 एजेंडे रखे गए जिनमें से 18 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद आयोजित प्रैसवार्ता में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बी फार्मा पदो के लिए उपयुक्त प्रार्थी नहीं मिलने के कारण रिक्तियां खाली रह जाती थी और उनकी लम्बित मांग होने के कारण बी फार्मा अधिकारियों की भर्ती में 6 माह के प्रशिक्षण की ढील दी गई है।एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों को ऋण देने के मामले में कठिनाई आ रही थी। उनके समक्ष आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दोबारा से एजी के माध्यम से ऋण मुहैया करवाने का प्रावधान किया गया है।गैस सप्लाई को लेकर आ रही समस्या के संदर्भ में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मिडल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण पूरे विश्व में यह समस्या आ रही है। इस समस्या से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि एलपीजी के स्थान पर पीएनजी के कनैक्शन उपयोग में लाए जाए। वर्तमान में राज्य में 5 लाख पीएनजी कनैक्शन धारक हैं। लेकिन 2 लाख के करीब उपभोक्ता इसका उपयोग नहीं कर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष कोरोना काल में भी दुष्प्रचार करता रहा। विश्व स्तर पर आई समस्या से निजात पाने के लिए सहयोग की भावना से कार्य करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पीएनजी से जोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्यवाई की जा रही है। इसके अलावा सोलर चुल्हा, इलेक्ट्रिक प्लेट व चुल्हा आदि को वैकल्पिक उपयोग के तौर पर इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 कंपनियों द्वारा पीएनजी सप्लाई दी जा रही है। रॉ मैटेरियल के कारण पाईप लाईन बिछाने की समस्या आ रही थी लेकिन अब सरकार ने निर्देश जारी किए हैं इसे डीम्ड परमिशन मानते( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## गिरिराज ने विपक्ष के नेता पर कसा तंज, बोले-मोदी के नेतृत्व पर सबको भरोसा



**नई दिल्ली,24 मार्च ( निस ) :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अबोध बालक बताया और उन पर कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी एक अबोध बालक हैं, वे एक नासमझ बच्चे की तरह हैं। मैंने जिक्र किया था कि कोविड काल में भी उनकी गतिविधियां देश में भ्रम फैलाने और लोगों को भड़काने से जुड़ी थीं। आज भारत के नेतृत्व और जनता को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिरिराज सिंह ने कहा कि हमने कोविड-19 के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ी। इस देश में अभी तक ईंधन की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। मैंने देखा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ा दी हैं। अब राहुल गांधी की आवाज कहां है? वे दूसरी जगहों पर इस बारे में शोर मचाते रहते हैं, वे यह क्यों नहीं पूछते कि वहां कीमतें क्यों बढ़ाई गईं? भले ही देश के पीएम मोदी ने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं, जबकि अमेरिका, जापान और जर्मनी जैसे देशों ने बढ़ा दी हैं, प्रबंधन का मतलब ही यही है। इसीलिए मैं कह सकता हूं कि भारत को किसी भी चीज से कोई समस्या नहीं है, क्योंकि भारत की जनता में अपार आत्मविश्वास है। हम किसी भी आपदा को अवसर में बदल सकते हैं और चुनौतियों का डटकर सामना कर सकते हैं। इस देश की एकमात्र समस्या विपक्ष का नेता (एलओपी) है।गिरिराज यह टिप्पणी विपक्षी नेता राहुल गांधी द्वारा पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में पीएम मोदी के लोकसभा भाषण की ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# पृष्ठ एक का शेष...

**ईरान जंग पर पीएम मोदी की चेतावनीः लड़ाई जारी रही ....** बैठक बुधवार शाम इस बीच, सरकार ने इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा के लिए बुधवार शाम 5 बजे सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है। विपक्ष लगातार पश्चिम एशिया संकट और उसके भारत पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर सरकार से जवाब मांग रहा है।

**पीएम मोदी-ट्रम्प मध्य वार्ताः मध्य-पूर्व में तनाव घटाने और...** कर लिया है। इसके लिए वे उन दूसरे देशों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्हें वे अपना दोस्त मानते हैं।अजार ने कहा, वे खाड़ी देशों पर बड़े पैमाने पर हमले कर रहे हैं और बिना किसी वजह के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में रुकावट डाल रहे हैं। अब एक नए ह्व सुरक्षा परिषद प्रस्ताव की नई पहल होनी चाहिए। यह प्रस्ताव एक अंतरराष्ट्रीय सेना को अनुच्छेद 7 के तहत अधिकार देगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जलडमरूमध्य खुले रहें। कुछ दिन पहले ईरानी राष्ट्रपति से की थी बात-बता दें कि इसके पहले 12 मार्च को पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से टेलीफोन पर बातचीत की थी। संघर्ष शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहला सीधा संपर्क था। बातचीत में प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में तेजी से बिगड़ती स्थिति, नागरिकों की मौत और नागरिक ढांचे को हो रहे नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सामान और ऊर्जा के निर्बाध परिवहन को बनाए रखना है। बातचीत में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया था। आज मंगलवार को ही पीएम मोदी ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर चिंता जताई है। पीएम ने कहा कि पेट्रोल डीजल गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामानों की सप्लाई प्रभावित हुई। गल्फ में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनके जीवन और आजीविका भारत के लिए चिंता का विषय है। होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय क्रू मेंबर फंसे हैं, ये भी बारत के लिए चिंता का विषय है।

**धर्मांतरण करने वाला शख्स अनुसूचित जाति का सदस्य ...** का यह दावा नहीं है कि उसने ईसाई धर्म छो?कर वापस अपने मूल धर्म को अपना लिया है, या उसे मडिगा समुदाय ने फिर से स्वीकार कर लिया है। यह साबित होता है कि अपीलकर्ता लगातार ईसाई धर्म को मानता रहा और एक दशक से ज्यादा समय से पादरी के रूप में काम कर रहा है। यह भी स्वीकार किया गया है कि घटना के समय, वह घर पर प्रार्थना सभा कर रहा था। ये सभी तथ्य कोई संदेह नहीं छोड़ते कि घटना की तारीख को वह एक ईसाई ही था।रिपोर्ट के मुताबिक ईसाई धर्म अपनाने वाला एक शख्स पादरी के तौर पर काम कर रहा था, लेकिन उन्होंने कुछ लोगों के खिलाफ केस किया था। आरोप लगाए गए थे कि लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। उन्होंने एससी एसटी एक्ट के तहत सुरक्षा की मांग की थी, जिसे आरोपियों ने कोर्ट में चुनौती दी थी। आरोपियों का कहना था कि पादरी ने धर्मांतरण किया था। लाइव लॉ के मुताबिक 30 अप्रैल 2025 के आदेश में हाईकोर्ट ने कहा था कि आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था का कोई स्थान नहीं है। ऐसे में ईसाई धर्म अपनाने वाला व्यक्ति एससी/एसटी एक्ट की धाराओं का सहारा नहीं ले सकता। तब मामले की सुनवाई जस्टिस हरिनाथ एन कर रहे थे। उन्होंने शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था। इसके बाद धर्मांतरण कर पादरी बनने वाले शख्स ने स्पेशल लीव पिटीशन दाखिल की थी।

**राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमलाः ...** अलावा, भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लाए गए ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक का भी राहुल गांधी ने विरोध किया। उन्होंने इसे ट्रांसजेंडर समुदाय के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर हमला बताया। राहुल गांधी ने ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद कहा कि यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भावना के खिलाफ है और इससे समुदाय के अधिकार सीमित हो सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर मजबूती से आवाज उठाएगी।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोबः 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालयः 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोबः 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।

**नोटः**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।

**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोबः 9215537704,7206600325,7206300081**

**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**

**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**

**हरियाणा में भीषण सड़क दुर्घटनाः पिता और तीन मासूम ...** सवार होना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आपातकालीन स्थिति में वाहन का संतुलन बनाए रखना भी असंभव बना देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हेलमेट पहनना, नियमों का पालन और वाहन की क्षमता के अनुसार ही सवारी करना जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है।

**गिरिराज ने विपक्ष के नेता पर कसा तंज, बोले-मोदी ...** आलोचना के बाद आई है, जिसमें राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर अमेरिका का नाम न लेने का आरोप लगाया और कहा कि वह ट्रम्प के 100फीसदी नियंत्रण में हैं। राहुल ने कहा कि मैंने सुना है कि पीएम मोदी ने 25 मिनट का भाषण दिया, लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि वे संसद में किसी बहस में भाग नहीं ले सकते क्योंकि वे समझौता कर चुके हैं। मोदी ने 25 मिनट तक भाषण दिया लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा। पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी ने व्यापार समझौते के जरिए भारत के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोल दिया है और चेतावनी देते हुए कहा कि यहां हमारे पास छोटे खेत हैं, जबकि अमेरिका में हजारों एकड़ में फैले बड़े-बड़े खेत हैं। यहां लोग हाथों से काम करते हैं, और वहां बड़े-बड़े मशीनों से काम होता है। अगर अमेरिकी सामान भारत आने लगे, तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। ये टिप्पणियां पीएम मोदी के लोकसभा में अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष पर दिए गए भाषण के बाद आईं।

**सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना जा सकती हैं ...** से जुड़े आदिवासी, भूमि, खनिज और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। इसके अलावा उनका राज्यसभा पहुंचना महिला सशक्तिकरण और आदिवासी नेतृत्व दोनों दृष्टिकोण से एक मजबूत राजनीतिक संदेश होगा। इससे झामुमो को सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की राजनीति में बढ़त मिल सकती है। पूर्व सीएम और झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से खाली हुई सीट झामुमो के कोटे की है। वहीं बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश का कार्यकाल भी इस साल जून में खत्म हो रहा है। इस तरह राज्य की दोनों सीटों पर चुनाव होगा। विधानसभा के मौजूदा गणित के मुताबिक सत्ताधारी महागठबंधन के पास कुल 56 विधायक हैं- झामुमो (34), कांग्रेस (16), राजद (4) और भाकपा (माले) (2) ।एक सीट जीतने के लिए 28 वोट की जरूरत होती है। ऐसे में गठबंधन यदि एकजुट रहता है तो दोनों सीटें आसानी से जीत सकता है। झामुमो दोनों सीटों पर दावा करेगा, प्रबल संभावना है। झामुमो नेताओं का मानना है कि राज्यसभा में झारखंड की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए झामुमो के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हालांकि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के रुख पर भी नजर रहेगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि अतीत में कई बार उन्होंने राज्यसभा सीटों को लेकर त्याग किया है, इसलिए इस बार एक सीट पर उनका स्वाभाविक अधिकार बनता है।असम चुनाव में सीट शेयरिंग को तालमेल नहीं होने के कारण विवाद इसे जटिल बना सकती है। संख्या बल के लिहाज से एनडीए फिलहाल पीछे है। बीजेपी के 21 और सहयोगी दलों के कुल मिलाकर 24 विधायक हैं। ऐसे में बिना क्रास वोटिंग या गठबंधन में दरार के एनडीए के लिए सीट जीतना मुश्किल है। फिलहाल दोनों राज्यसभा सीट के लिए गठबंधन के पास सुनहरा अवसर है, लेकिन आंतरिक समन्वय ही इसकी असली परीक्षा होगा।

**सीएम का रंधावा मामले की जांच सीबीआई को देने से ...** जज के सामने पेश कर पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई को मीडिया से दूर रखा गया, जिससे किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। डीसीपी रविंदरपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर लिया है, हालांकि रिमांड की अवधि अभी स्पष्ट नहीं की गई है। दूसरी ओर, रंधावा के शव का सुसाइड के चौथे दिन पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। यह प्रक्रिया सिविल अस्पताल में एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की निगरानी में की जा रही है और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी हो रही है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। डॉक्टरों का एक बोर्ड पोस्टमॉर्टम कर रहा है। बताया जा रहा है कि रंधावा ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें उन्होंने इस कदम के लिए लालजीत सिंह भुल्लर को जिम्मेदार ठहराया था। यही वीडियो इस केस का अहम सबूत माना जा रहा है और पुलिस इसी आधार पर आगे की जांच कर रही है। वहीं सीएम मान ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने अमित शाह, राजा वड़िंग और अमरिंदर सिंह जैसे नेताओं के संदर्भ में सवाल उठाया कि पहले इसतरह मामलों में सीबीआई जांच क्यों नहीं कराई गई और किसने इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में लोगों ने नेताओं के नाम लेकर आत्महत्या की, लेकिन तब किसी तरह की सख्त कार्रवाई नहीं हुई। सीएम मान ने कहा कि उनकी सरकार किसी पर एहसान नहीं कर रही, बल्कि अपना कर्तव्य निभा रही है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की जान की कीमत है और न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनके लिए पूरा पंजाब एक परिवार की तरह है और सभी के साथ समान व्यवहार किया जाएगा। कुल मिलाकर, यह मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर संवेदनशील बन गया है, जिसकी जांच और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

**मंत्रिमण्डल की बैठक में कुल 31 एजेंडे रखे गए जिनमें से ...** हुए कार्य को आगे बढाया जाए ताकि पीएनजी सप्लाई बढाई जा सके।एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अफोरडेबल हाउस पोलिसी में किया गया संशोधन केवल फ्लेट धारकों पर लागू होंगे। कट्टर ईमानदारी की बात करने वाली आप पार्टी कट्टर भ्रष्टाचार में फंसी हुई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने महल पर 33 करोड़ रुपए की राशि खर्च की।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में बुजुर्ग पैंशन को तरस रहे हैं। सरकार ने 2500 रुपए देने का वादा किया लेकिन 1500 भी नहीं दिए जा रहे है। महिलाओं को भी 1100 रुपए देने की बात कही लेकिन अब तक पंजीकरण भी नहीं किया जा रहा। आप सरकार वोट से पहले महिलाओं के खाते में यह राशि भेजकर वोट हथियाने का काम करेगी। एमएसपी पर किसानों की फसलें नहीं खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि आप सरकार ने केवल अपनी सेवा की, जनता की सेवा नहीं की। इसलिए दिल्ली में पूर्ण रूप से सफाया हुआ और अब पंजाब में भी सफाया तय है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण गुप्ता, एडीआईपीआर श्रीमती वर्षा खांगवाल, मीडिया सलाहकार श्री प्रवीन आत्रेय भी मौजूद रहे।

# कालका में रोड सेफ्टी व माइनिंग को लेकर एसडीएम संयम गर्ग ने की बैठक, विभागों को दिए निर्देश



**कालका, 24 मार्च ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** उपमंडल अधिकारी कालका संयम गर्ग एच. सी .एस. द्वारा उप मंडल स्तरीय रोड सेफ्टी सुरक्षित स्कूल वाहन स्कूल पॉलिसी व उप मंडल स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी ( माइनिंग ) के अंतर्गत बैठको का आयोजन किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित विभागों के अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया । सेक्रेटरी आरटीए पंचकूला (रिप्रेजेंटेटिव), असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस कालका, तहसीलदार कालका, एक्सईएन एचएसएएमबी ,पंचकूला, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी ( बी एंड आर) पंचकूला, सब डीविजनल ऑफिसर यूएचबीवीएनएल कालका एंड पिंजौर, ईओएमसी एंड एक्सईएन एमसी कालका, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर पिंजौर, एस. एच. ओ. ट्रैफिक कालका/ पिंजौर ( अर्बन एंड रूरल),टी. एम .हरियाणा रोडवेज कालका, ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत ऑफिसर पिंजौर, एक्ससाइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर (एस. टी.) कालका, रीजनल ऑफिसर एचएसपीसीबी पंचकूला, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर वॉटर सर्विसेज डिविजन पंचकूला। उक्त बैठकों में संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम कालका द्वारा नेशनल हाईवे व पीडब्ल्यूडी विभाग को पिंजौर से बद्दी रोड व सुखोमाजरी बाईपास रोड पर पाए जाने वाले ब्लैक स्पॉट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्र पर रिफ्लेक्टर व आवश्यक साइन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ यह भी निर्देश दिए गए कि आम जनता की सुरक्षा के लिए सड़कों पर मौजूद सभी गड्ढो को भरवाया जाए तथा सड़कों की आवश्यक मुरम्मत करवाई जाए। ट्रैफिक एस. एच. ओ. को निर्देश दिए गए कि स्कूलों के वाहनों की नियमानुसार चैकिंग की जाए। ऑटो में निर्धारित सवारियों से ज्यादा सवारियों बैठाने वालों पर कार्रवाई की जाए। नगर परिषद कालका को निर्देश दिए गए कि उनके अधीन पड़ने वाले सभी नालों की मुरम्मत करवा कर उनको कवर करवाया जाए ताकि किसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े। उप मंडल स्तरीय टास्क फोर्स गठित कमेटी( माइनिंग)से संबंधित अधिकारियों के साथ माइनिंग से संबंधित शिकायतो/ कार्यों की समीक्षा की गई तथा माइनिंग से संबंधित शिकायतो पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए।

# गद्दी वेलफेयर सोसायटी कालका ने श्री शीतला माता मंदिर में भजन-कीर्तन से जगाया आध्यात्मिक माहौल



**कालका, 24 मार्च ( अख्तर फारूकी,अजीत सिंह ):** गद्दी वेलफेयर सोसायटी, कालका द्वारा गद्दी समाज के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं आपसी सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री शीतला माता मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक वर्गों से सदस्य उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में माता शीतला का गुणगान किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव डॉ. करनैल सिंह, उपाध्यक्ष डिंपल शर्मा एवं मुख्य सलाहकार गगन सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने माता शीतला के चरणों में नमन कर समाज की उन्नति, एकता और खुशहाली की कामना की। अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महासचिव डॉ. करनैल सिंह ने भाईचारे और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं उपाध्यक्ष डिंपल शर्मा ने महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। मुख्य सलाहकार गगन सिंह चौहान ने समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्री शीतला माता कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, शांति एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना रहा। सोसायटी के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बलिदान दिवस पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**हमें सभी शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए, कि हम भी अपने देश को सर्वोपरि समझे : गुरनाम सिंह**




**लाडवा, 24 मार्च ( रामगोपाल ) :** लाडवा की भरपूर कॉलोनी में स्थित यूथ स्पोर्ट्स अकादमी में बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लाडवा के थाना प्रभारी गुरनाम सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। कार्यक्रम मे गुरदीप बेदी बतौर वशिष्ठ अतिथि पहुंचे और कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन चौधरी जोग ध्यान ने की। अपने संबोधन में थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने सभी युवाओं को भारत वर्ष की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर शहीदों के बारे में बताते हुए कहा कि हमें सभी शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए, कि हम भी अपने देश को सर्वोपरि समझे। केवल अपने देश के लिए बलिदान होने के लिए अग्रसर रहे। हम निरंतर देश की तरक्की के लिए कार्य करते रहें। उन्होंने युवाओं से नशे से मुक्त एक नए समाज के निर्माण के लिए उनका सहयोग मांगा और अपील की पूरे लाडवा क्षेत्र में कहीं भी अगर उनकी आवश्यकता किसी भी समय पड़े तो वह उन्हें कॉल कर सकते है। कार्यक्रम मे एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी जोग ध्यान ने आए हुए सभी सदस्यों का अभिवादन किया। उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगठन के प्रधान विजय भूषण ने शहीद भगत सिंह, वीर शहीद राजगुरु व वीर शहीद सुखदेव अमर रहे के नारे लगवाए और सभी को शहीदों का जीवन परिचय दिया। उन्होंने बताया कि वीर शहीदों ने अंग्रेजों के शासनकाल अंग्रेजों के जुर्म को सहते हुए हंसते-हंसते देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम कर अपने गलों में डाल लिया था। इस अवसर पर संगठन के महासचिव एवं कोच चमन लाल, उप प्रधान राजेंद्र सिंह, राजवीर फौजी, रमन कुमार, सनी कुमार, सुनील कुमार, अनमोल लोहट, रामकुमार खाकट, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र सेन, साहब सिंह, मनप्रीत बन, सुखराज ढिल्लों, इशांत सैनी, ऊनीत पाल, आसिफ खान, ऋतिक कल्याण मुख्य तौर पर उपस्थित रहे ।

## नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने नीमवाला और स्योंसर में फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 56 लोगों का स्वास्थ्य

**पिहोवा, 24 मार्च ( विवेक ) :** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गांव नीमवाला और स्योंसर में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव नीमवाला में 29 लोगों को दवा देने के साथ चार मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि स्योंसर में 22 मरीजों की ओपीडी हुई। कुल 56 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

**अस्तित्व बचाने के लिए तीन बच्चे जरुरी-मोहन भागवत,...** देश में रोजगार न मिले। यूपी के मथुरा जिले के वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नव-निर्मित 'जीवनदीप आश्रम' का लोकार्पण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने अमेरिका और चीन जैसे देशों की 'आक्रामक' प्रवृत्ति की निंदा की और भारत को अन्य दृष्टिकोणों के प्रति अधिक उदार बताया। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि अस्तित्व बचाने के लिए तीन बच्चे जरूरी हैं और घर वापसी करने वालों का स्वागत हो। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यदि ऐसे उपाय लागू किए जाएं तो पांच से दस वर्षों में स्थिति में सुधार संभव है और घटती जन्म दर स्थिर हो सकती है। संघ प्रमुख ने तीन संतान नीति पर जोर देते हुए कहा कि उच्च जन्म दर आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर परिवार के स्वास्थ्य के लिए तीन बच्चों की सलाह देते हैं, क्योंकि बचपन में होने वाले मेलजोल से बच्चों में सामाजिक कौशल और समूह में सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने जनसंख्या संबंधी अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि तीन से कम प्रजनन दर दीर्घकालिक जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि कम जन्म दर वाले कई देशों ने अपनी जनसंख्या वृद्धि दर तीन से ऊपर ले जाने के प्रयास किए हैं। परिवारों को दो बच्चों तक सीमित रहने के बजाय तीन बच्चों का लक्ष्य रखना चाहिए। हालांकि, कोई भी नीति बनाते समय जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। भागवत ने जबरन धर्मांतरण को रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार कानून बना सकती है, लेकिन समाज को भी इसे रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने दावा किया कि अनेक धर्मांतरित लोग मूल रूप से हिंदू रहे हैं और यदि वे वापस आना चाहते हैं तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत के प्राचीन सांस्कृतिक मूल्य और सनातन परंपरा आज की 'अशांत दुनिया' में भी प्रासंगिक हैं और आश्रम इन मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अनेक संत-महात्मा भी उपस्थित थे।

# ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले सरपंच व पार्षद को किया जाएगा सम्मानित :विश्राम कुमार मीणा




**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिला में 7767 बेटियों को टीकाकरण करने के लक्ष्य को जल्द ही पूरा करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को आधार मानकर काम करना होगा। इतना ही नहीं वैक्सीनेशन अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले सरपंच व पार्षद को जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित भी किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि एमओ, एसएमओ, डिप्टी सीएमओ, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी वर्करों के साथ शेड्यूल तैयार करके गांव व शहरों में शिविर लगाएंगे, ताकि आमजन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी वैक्सीन को लेकर आयोजित बैठक की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार हैं, साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसके टारगेट लाभार्थी वे किशोर लड़कियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 28 फरवरी को कुरुक्षेत्र के लाडवा शहर से की थी। अब तक जिले में 156 लड़कियों को सफलतापूर्वक वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जिन लड़कियों को वैक्सीन लगाई गई है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वैक्सीन देने से पहले सभी मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगाने वाली किशोरी टीकाकरण के समय खाली पेट न हों। माता-पिता को सलाह दी जानी चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी खाली पेट न हों, या टीकाकरण से पहले उन्हें कुछ खाने के लिए दें। शिविर वाली जगह पर उन किशोरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है, जिन्होंने घर पर नाश्ता नहीं किया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि टीकाकरण के बाद यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वैक्सीन लगाने वाली किशोरियां 30 मिनट तक वहीं रुकें। शिविर वाली जगहों पर ऑब्जर्वेशन रूम में ऐसी गतिविधियों की व्यवस्था की गई है, जो किशोरियों का ध्यान टीकाकरण के बाद होने वाले दर्द और घबराहट से हटा सकें। तनाव से जुड़ी प्रतिक्रियाओं की संभावना को कम करने के लिए भीड़भाड़ कम से कम रखें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केवल उन्हीं किशोरियों को वैक्सीन लगाएं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं। टीकाकरण से पहले माता-पिता/अभिभावकों से ओटीपी -आधारित सहमति या लिखित सहमति प्राप्त करें। वैक्सीन लगाने से पहले लाभार्थियों की मध्यम/गंभीर बीमारी के लिए स्क्रीनिंग की जाती है। टीकाकरण सेशन निर्धारित केंद्रों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी में और मेडिकल देखरेख में आयोजित किए जाते हैं। लाभार्थियों और माता-पिता को हल्के साइड इफ़ेक्ट (दर्द, हल्का बुखार, बदन दर्द) के बारे में जानकारी दें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार पेरासिटामोल लेने की सलाह दें। उन्होंने आगे कहा कि यू-डब्ल्यूआईएन पोर्टल पर सभी टीकाकरण की जानकारी समय पर और सही तरीके से दर्ज की जा रही है, और डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता बढ़ाने और पात्र किशोरियों तक पहुंचने के लिए शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता), सामुदायिक नेताओं और स्थानीय प्रभावशाली लोगों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। वे परिवारों को सूचित करें कि यह टीका सरकारी कार्यक्रम के तहत निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने डीडीपीओ व महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए के प्रत्येक गांव में ग्राम पंचायतों व आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से पात्र लड़कियों के परिजनों को जागरूक किया जाए। इसी तरह नगर परिषद के अधिकारी को निर्देश दिए कि वो पार्षदों की मीटिंग बुलाएं और उन्हें इस बारे में जानकारी देकर वार्डों में जागरूक करें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को कहा कि ईंट भट्टे वालों को इस योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक करें, ताकि भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को प्रेरित किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आगामी एक अप्रैल को जिला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शिक्षा विभाग के साथ तालमेल करके प्रवेश उत्सव के दिन पात्र लड़कियों की पहचान कर सकें और उनके परिजनों से संपर्क बनाकर उन्हें जागरूक कर सकें। इस मौके पर एसडीएम पिहोवा अनिल दून, नगराधीश आशीष कुमार, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, डीडीपीओ विकास कुमार, डीआईओ डा. सैलजा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गड्ढों पर लीपापोती, जनता से धोखा: रायपुररानी में सड़क मरम्मत पर सवाल

**काली बजरी डालकर अधूरा काम, राहगीरों में बढ़ा रोष, पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल**

**रायपुररानी, 24 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी क्षेत्र में मौली से प्यारेवाला तक की मुख्य सड़क लंबे समय से खस्ताहाल है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो



गया है। हाल ही में मरम्मत के नाम पर किए गए पैचवर्क ने जनता की परेशानी और बढ़ा दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने गड्ढों को सही तरीके से भरने के बजाय केवल काली बजरी का इस्तेमाल किया। कई स्थानों पर आधे गड्ढों में काली बजरी डाली गई, जबकि बाकी गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया गया। स्थानीय लोग कहते हैं कि यह मरम्मत केवल दिखावे के लिए की गई है। अधूरे काम के कारण सड़क और अधिक असमान और खतरनाक हो गई है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह मार्ग गंभीर खतरे का कारण बन गया है। हालांकि ग्रामीणों और राहगीरों ने पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि काम की न तो सही निगरानी की गई और न ही गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया। अधूरी मरम्मत और लापरवाही से विभाग ने न सिर्फ सड़क की सुरक्षा खतरे में डाली है, बल्कि जनता के विश्वास को भी ठेस पहुँचाई है। बता दें कि स्थानीय निवासियों की नाराजगी लगातार बढ़ रही है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की स्थायी और पूरी तरह से मरम्मत नहीं की गई, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल, लोग प्रशासन से ठोस और प्रभावी कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

## विश्व जल दिवस पर गांव पलड़ी खुर्द स्थित होटल दिल्ली 36 में किया गया जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### ➢ जल संरक्षण एवं सतत कृषि पर दिया गया विशेष बल

**सोनीपत, 24 मार्च ( ब्यूरो ):** विश्व जल दिवस के अवसर पर परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा गांव पलड़ी खुर्द स्थित होटल दिल्ली 36 में जल संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है और इसके बिना भविष्य की कृषि एवं जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे धान की सीधी बुवाई, फसल विविधीकरण, फसल चक्र तथा सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी जल बचत तकनीकों को अपनाएं, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इन तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं




के तहत प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि हम सभी मिलकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें, तो न केवल भूजल स्तर को बचाया जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धान की सीधी बुवाई पर प्रति एकड़ 4500 रुपये तथा धान के स्थान पर अन्य फसल अपनाने पर प्रति एकड़ 8000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में हुड्डा ने परमार्थ संस्था एवं हिंदुस्तान यूनिलीवर द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से ही संभव है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से जल बचाने और सतत कृषि अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। जल संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों तथा किसानों ने भाग लेते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान परमार्थ संस्था द्वारा जल संरक्षण एवं सतत कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें धान की सीधी बुवाई, गेहूं उत्पादन की उन्नत पद्धति, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे टपक एवं फव्वारा विधि, कम पानी वाली फसलों जैसे चना, मटर एवं सरसों को बढ़ावा देने, कृषि अवशेष प्रबंधन हेतु कस्टम हायरिंग केंद्र तथा भूजल संरक्षण एवं पेयजल उपलब्धता के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गई। बताया गया कि ये सभी गतिविधियां मुरथल खंड के 10 गांवों में प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इस मौके पर कृषि विभाग से एडीओ मुरथल दिनेश आंतिल एवं एडीओ राई अजय, रूट फाउंडेशन से सुनील कुमार, ग्राम पंचायत पलड़ी खुर्द के प्रधान पदम, हिंदुस्तान यूनिलीवर फैक्ट्री की मानव संसाधन प्रबंधक रितिका तथा संस्कार भारती विद्यापीठ के प्राचार्य समय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अलावा परमार्थ संस्था की टीम तथा परियोजना से जुड़े लगभग 50 किसान भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## खेड़ा वाली में नर्सिंग कॉलेज भवन के उद्घाटन के 5 महीने बाद भी कक्षाएं शुरू नहीं हुई : विजय बंसल एडवोकेट

**कालका, 24 मार्च ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय बंसल एडवोकेट में वर्तमान बीजेपी सरकार पर कालका क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कालका- पिंजौर शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कालका के साथ लगते गांव खेड़ा वाली में सरकार द्वारा बनाए गए जीएनएम- एएनएम नर्सिंग कॉलेज भवन का उद्घाटन हुए 5 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक यहां नर्सिंग कक्षाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। बीजेपी सरकार द्वारा बिना किसी योजना के वाहवाही लूटने के लिए भवन का उद्घाटन कर देने की ऐसी स्थिति से छात्रों और अभिभावकों में अब निराशा बढ़ती जा रही है। विजय बंसल ने कहा कि एक तो भवन निर्माण में कई वर्षों की देरी कर दी गई अब उसे आरंभ नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के समय सरकार एवं प्रशासन ने दावा किया था कि जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर






कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन, प्रयोगशालाएं और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी दिखाई गई थी। हालांकि समय बीतने के बावजूद न तो नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों की नियुक्ति कि गईं है और न ही पाठ्यक्रम संचालन को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया है। विजय बंसल ने कहा कि अब तो स्थानीय लोग भी कहने लगे है कि यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहतर करियर के अवसर प्रदान कर सकती थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक लापरवाही के कारण छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई छात्रों ने दूर दराज के अन्य संस्थानों में दाखिला लेने का निर्णय भी ले लिया है। विजय बंसल ने बताया कि पिछले लगभग 6 वर्षों से कालका विधानसभा क्षेत्र के पिंजौर ब्लॉक के गांव खेड़ा वाली में निर्माण अधीन एएनएम और जीएनएम नर्सिंग कॉलेज का बिना किसी योजना के गत 5 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आनन फानन में उद्घाटन करवा दिया गया। जबकि विभाग को खुद पता नहीं है कि नर्सिंग कॉलेज में कक्षाएं कब आरंभ होगी और कॉलेज निर्माण के लिए निशुल्क जमीन देने वाली पंचायत के स्थानीय छात्रों को आरक्षण देने का प्रावधान भी है या नहीं। विजय बंसल ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आरटीआई एक्ट 2005 के तहत हेल्थ विभाग के महानिदेशक से नर्सिंग कॉलेज संबंधी जानकारी मांगी थी। जिसमें खुलासा हुआ कि वास्तव में विभाग को नर्सिंग कक्षाएं आरंभ करने के विषय में कोई जानकारी ही नहीं है। इसी विषय पर विजय बंसल एडवोकेट ने गत अक्टूबर माह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन भेज कर खेड़ा वाली नर्सिंग कॉलेज में जल्द कक्षाएं आरंभ करने और स्थानीय पंचायत के छात्रों को नर्सिंग कॉलेज में 5 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। विजय बंसल ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशालय ने केवल इतनी ही जानकारी दी है कि सरकार द्वारा बीएससी नर्सिंग कॉलेज कोर्स के लिए फिलहाल 60 सीटों के लिए एनओसी दी है। उन्होंने बताया कि विभाग ने यह भी जानकारी नहीं दी है की कक्षाएं कब आरंभ होगी और नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण में कुल कितनी लागत आई है। जब कि कालका क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के लोगों को यह जानने का हक है कि आखिर कक्षाएं कब आरंभ होगी और स्थानीय पंचायत को नर्सिंग दाखिले में कितना आरक्षण दिया जाएगा। विजय बंसल एडवोकेट ने हरियाणा राज्य की बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया। नर्सिंग कॉलेज भवन में पहले से ही कोई योजना नहीं बनाई गई है जबकि कोई भी शिक्षण या तकनीकी संस्थान खोलने से पूर्व उसकी गेस्ट कक्षाएं आरंभ हो जाती हैं। लेकिन पिछले लगभग 7 वर्षों के दौरान इस मामले में स्वास्थ्य विभाग और हरियाणा सरकार ने कोई योजना नहीं बना पाई। जो भाजपा सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की अपरिपक्वता को दर्शाता है। विजय बंसल ने बताया कि लगभग 2 एकड़ - भूमि पर 1.23 लाख स्क्वायर फीट में इस भवन का निर्माण किया गया है। विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि सरकार की गैर योजना बद्ध तरीके से बनाई गई गलत नीतियों के कारण ही आज तक कालका क्षेत्र में कोई भी नर्सिंग कॉलेज नहीं खुला था जो खुला है वह भी छात्रों के बिना खाली पड़ा है। जिसकी वजह से विशेष कर छात्राओं को दूर दराज के प्राइवेट या अन्य राज्यों के नर्सिंग कॉलेज में जाना पड़ रहा है। विजय बंसल एडवोकेट ने इसी मौजूदा सत्र से कक्षाएं आरंभ करने और स्थानीय छात्रों को पिंजौर ब्लॉक के गांव बीटना आईटीआई और नानकपुर स्थित पॉलिटेक्निक में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय छात्रों को दिए गए आरक्षण की तर्ज पर खेड़ा वाली नर्सिंग कॉलेज में भी आरक्षण देने की मांग की है।

**COURT NOTICE**

**In the Court of Ms. Pratibha Mahla JMIC Samalkha Civil Judge (Junior Division), CNR No. HRPPA0-000625-2020 Next Date : 05.05.2026 CS/542/2020**

Kamla W/o BIJE Singh
Versus
Karambir S/o Sh. Ramkishan

Notice to: 10. Pooja W/o Ravinder Vill, Kurar, Bapoli, Panipat 11. Smt. Anita Wife of Anand R/o Village Kurar, Tehsil Bapoli, Distt. Panipat

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 05.05.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat

Dated this day of 20-03-2026

**Sd/- Civil Judge (Junior Division)**

**नाम परिवर्तन**

मैं अमुल्य पुत्री श्री संजय भ्याना निवासी मकान नं. 1071 सेक्टर-6 जिला करनाल सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम अमुल्य भ्याना से बदलकर अमुल्य रख लिया है। भविष्य में मुझे अमुल्य के नाम से जाना व पहचाना जाएं। -**शपथकर्ता**

**बेदखली सूचना**

मैं राजकली देवी पत्नी स्व. श्री ईश्वर सिंह निवासी गांव दादुपुर खुर्द जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरा लड़का संदीप कुमार उर्फ रवि व इसकी पत्नी अभिलाषा जोकि ये दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**-शपथकर्ता**

**बेदखली सूचना**

मैं प्रकाशो देवी पत्नी स्व.श्री महेंद्र पुत्र लाल चन्द गांव मूनक डेरा कापड़ो मुनक उप तहसील बल्ला जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरा लड़का प्रवीन व इसकी पत्नी रीटा रानी जोकि ये दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-शपथकर्ता**

## 4 की रैली में सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे बड़ी घोषणाएं

***मोहनलाल बडोली ने दिया रैली का निमंत्रण***

**सफीदों, 24 मार्च ( एस.के.मित्तल ):** आगामी 4 अप्रैल को सफीदों की अनाज मंडी में प्रस्तावित विशाल रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली पिल्लुखेड़ा पहुंचे और लोगों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राजवीर रोहिल्ला, मंडल महामंत्री सोहन सिंह रजाना, बीएलए वन नारायण दत्त शर्मा व ब्राह्मण सभा से डॉ कश्मीरी लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।लोगों को संबोधित करते हुए मोहनलाल बडोली ने कहा कि सफीदों में आयोजित होने वाली यह रैली ऐतिहासिक साबित होगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि इस रैली में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे और करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी नीतियों पर काम कर रही है और हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सफीदों रैली इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी, जिसमें क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और लोगों को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों को रैली के बारे में जानकारी दें और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के भविष्य के विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

**COURT NOTICE**

**In the Court of Ms. Pratibha Mahla JMIC Samalkha Civil Judge (Junior Division), CNR NO. HRPPA0-000282-2022 Next Date : 12.05.2026 CS/239/2022**

Punjab National Bank th. Ashok Kumar Branch Manager
Versus
Shubham S/o Ranbir

Notice to: 1. Shubham S/o Ranbir 2. Ranbir Singh son of Abbal Singh 3. Smt. Kusum Lata wife of Sh. Rajbir Singh all r/o Vill Khozkipur (Chhoti), Bapoli, Panipat

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12.05.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat

Dated this day of 20-03-2026

**Sd/- Civil Judge (Junior Division),**

---

**In the Court of Sh. Kuldeep Singh Matrimonial Cases Special Courts, Gohana CNR No. HRSOF3-000095-2025 Next Date: 21.04.2026**

Ritu
Versus
Shamsher Singh

Petition u/s 13 of the Hindu Marriage Act for granting of decree on the ground of cruelty and desertion.

Notice to: Shamsher Singh Son of Ram Phal Village Bichpari, Tehsil Gohana, District Sonipat.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 21.04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Sonipat

Dated this day of 23-03-2026

**Sd/- Matrimonial Cases Special Courts,Gohana**

---

**In the Court of Ms. Saloni Gupta Additional Civil Judge (Senior Division), Ratia CNR No. HRFTA0-000101-2026 Next Date : 30.04.2026 CIS NO. GW/01/2026**

Suman Rani
Versus
General Public

Petition under section 8 of the Hindu Minority & Guardianship act, 1956 for allowing the petitioner to sell the land measuring 0 Kanal 3 Marla 3 Sarsai land being 473/91008 share of total land measuring 31 Kanal 12 marla land comprised in khewat No. 1570 khatoni no. 1855, 1856 and 1857 kitat 8 situated at Ratia I to iii Tehsil Ratia District Fatehabad as per jamabandi for year 2023-24 and above mentioned land is owned and possessed by minor Mannat, being the minor son of the petitioner, is living under the guardianship of the petitioner and are being looked after and maintained by the petitioner. On the basis documentary of oral description, and evidence of every description.

Notice to: Respondent- General Public

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 30.04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Fatehabad

Dated this day of 23-03-2026

**Sd/- Ms. Saloni Gupta Additional Civil Judge (Senior Division), Ratia**

---

**In the Court of Alpana Singh Civil Judge (Junior Division), Karnal Next Date: 20.04.2026 CS-2276-2021**

Canara Bank
Versus
Vadana and oths.

Notice to: 1) Vadana wife of Late Bharat Bhushan VPO Jundla, Karnal. 2) Shyam Nagpal S/o Late Bharat Bhushan VPO Junlda, Karnal 3) Kanchan daughter of Late Bharat Bhushan VPO Jundla, Karnal. 4) Simran daughter of Late Bharat Bhushan VPO Jundla, Karnal. 5) M/s Nagpal Wood Works through proprietor Sh. Bharat Bhushan (now deceased) through his legal representatibe, VPO Jundla, Karnal.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20.04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_ notice&district=Karnal

Dated this day of 23-03-2026

**Sd/- Civil Judge (Junior Division), Karnal**

---

**In the Court of Sh. Sachin Kumar-1 Civil Judge (Junior Division), Hisar CNR No. HRHS02-000493-2026 Next Date : 01.04.2026**

Manu Aggarwal Wife Of Sh. Mahender Aggarwal And daughter Of Sh. Krishan Kumar, Aged 48 Years, Resident Of House No. 1027, Urban Estate-11, Hisar.
Versus
General Public/Relatives

Suit For Declaration To The Effect That Devan Gupta Son Of Sh. Krishan Kumar Resident Of House No. 1027, Urban Estate-11, Hisar, Who Was Brother Of Plaintiff And Has Not Been Heard Of Since 29.12.1997 That is For More Than Seven Years By The Persons Who Would Have Naturally Heard Of Him if The Had Been Alive And As Such He Be Deemed To Have Died A Civil Death in View Of The Provision Contained in Section 108 Of The Indian Evidence Act, 1872 Read With Section 111 Of The Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023, Under The Provisions Of The Specific Relief Act, On The Basis Of Evidence Of Every Kind.

Notice to: General Public Relatives

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 01.04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Hisar

Dated this day of 23-03-2026

**Sd/- Civil Judge (Junior Division),Hisar**

# सम्पादकीय

## ईरान अमेरिका संघर्ष से बाजार में उथल पुथल

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला दिया है और इसका सबसे बड़ा असर भारत के शेयर बाजार पर देखने को मिला। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने निवेशकों के भरोसे को गहरी चोट पहुंचाई है। एक ही कारोबारी दिन में निवेशकों के लगभग बारह लाख करोड़ रुपये डूब गए, जो यह दर्शाता है कि वैश्विक घटनाएं किस तरह घरेलू बाजार को प्रभावित करती हैं। यह गिरावट केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने निवेशकों के मन में डर और अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया। भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में करीब पच्चीस सौ अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई और यह गिरकर लगभग चौहत्तर हजार के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी में भी सात सौ से अधिक अंकों की गिरावट आई। यह गिरावट पिछले कई महीनों में सबसे बड़ी मानी जा रही है। बाजार के लगभग सभी क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव दिखाई दिया, जिससे यह साफ हो गया कि यह केवल किसी एक सेक्टर की समस्या नहीं बल्कि व्यापक आर्थिक चिंता का परिणाम है। इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण युद्ध का तेल और गैस क्षेत्रों तक पहुंचना है। खाड़ी क्षेत्र दुनिया के ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और जब यहां अस्थिरता बढ़ती है तो उसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है। युद्ध के चलते कई महत्वपूर्ण ऊर्जा ठिकानों पर हमले हुए, जिससे उत्पादन और आपूर्ति दोनों प्रभावित हुए। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और यह एक समय एक सौ पंद्रह डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी जरूरत का अधिकांश तेल आयात करता है, यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल बाजार तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह आम लोगों की जिंदगी पर भी असर डालता है। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि होती है। यही कारण है कि इस संघर्ष ने महंगाई की आशंका को भी बढ़ा दिया है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार की स्थिति को और कमजोर कर दिया। घरेलू कारणों ने भी इस गिरावट को और गहरा किया। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के प्रमुख शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली, जिससे पूरे बाजार पर दबाव बना। निवेशकों ने जोखिम से बचने के लिए तेजी से अपने निवेश को निकालना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में घबराहट और बढ़ गई। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी लगभग तीन प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो यह दिखाता है कि छोटे निवेशकों पर इसका प्रभाव अधिक पड़ा। हालांकि इस भारी गिरावट के बाद अगले ही दिन बाजार में कुछ सुधार भी देखने को मिला। निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी की, जिससे बाजार में थोड़ी स्थिरता आई। तेल की कीमतों में हल्की गिरावट भी इस सुधार का एक कारण रही। इससे यह संकेत मिलता है कि बाजार में अभी भी उम्मीद बाकी है, लेकिन स्थिति पूरी तरह स्थिर नहीं कही जा सकती। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहा बल्कि सोना और चांदी जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों पर भी पड़ा। आमतौर पर संकट के समय इनकी कीमतें बढ़ती हैं, लेकिन इस बार कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इसका कारण यह है कि निवेशकों ने नकदी बनाए रखने के लिए इन धातुओं में भी बिकवाली की। ऊर्जा संकट के चलते पेट्रोल की कीमतों पर भी असर पड़ा है। प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे उन लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है जो उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन का उपयोग करते हैं। हालांकि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहती हैं तो भविष्य में आम ईंधन भी महंगा हो सकता है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक भी है। युद्ध अब केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि आर्थिक ढांचे को निशाना बना रहा है। ऊर्जा संसाधनों पर हमले यह दर्शाते हैं कि दोनों पक्ष एक दूसरे को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी असर पड़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। रुपये की कमजोरी भी इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से आयात महंगा हो जाता है, जिससे देश की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यह स्थिति निवेशकों के लिए और अधिक चिंता का कारण बनती है क्योंकि इससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो ईरान और अमेरिका के बीच चल रहा संघर्ष केवल एक क्षेत्रीय युद्ध नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में आई भारी गिरावट इसी का एक उदाहरण है। आने वाले समय में बाजार की दिशा काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष किस दिशा में आगे बढ़ता है और कच्चे तेल की कीमतें किस स्तर पर स्थिर होती हैं। यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं होती है तो इसका असर लंबे समय तक बना रह सकता है। ऐसे में निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है और बाजार की चाल को समझकर ही निर्णय लेना होगा। यह संकट एक बार फिर यह सिखाता है कि वैश्विक घटनाएं किस तरह हमारे आर्थिक जीवन को प्रभावित करती हैं और हमें हमेशा बदलती परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

# पश्चिम एशिया पर मंडराते परमाणु बम के बादल, कैसे मिलेगी शांति

**--एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

रेडिएशन का खतरा-कैंसर,जन्मजात विकृतियां, प्रतिरक्षा प्रणाली का कमजोर होना और दीर्घकालिक पर्यावरणीय क्षति -समग्र विश्लेषण

परमाणु ठिकानों पर हमले-रणनीतिक दबाव या खतरनाक जुआ? -युद्ध का बदलता स्वरूप और बढ़ती आशंकाएँ परमाणु ठिकानों पर हमले, रेडिएशन का खतरा, ऊर्जा युद्ध और महाशक्तियों की भागीदारी, ये सभी संकेत एक बड़े संकट की ओर इशारा करते हैं, जिसे संवाद से हल करना जरूरी वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब पारंपरिक सैन्य टकराव की सीमाओं को पार कर एक ऐसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है,जहां परमाणु ठिकाने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध का केंद्र बनते जा रहे हैं।ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ती सैन्य गतिविधियों ने न केवल क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाया है,बल्कि वैश्विक स्तर पर एक बड़े परमाणु संकट की आशंका भी उत्पन्न कर दी है। हालिया घटनाओं में जिस तरह परमाणु संयंत्रों और अनुसंधान केंद्रों को निशाना बनाया जा रहा है, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या दुनियाँ एक और परमाणु आपदा के मुहाने पर खड़ी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि युद्ध के 23वें दिन तक आते- आते संघर्ष की प्रकृति में स्पष्ट बदलाव दिखाई देने लगा है।पहले जहां सैन्य ठिकानों,सीमावर्ती क्षेत्रों और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा रहा था, वहीं अब परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले शुरू हो गए हैं। इजरायल द्वारा ईरान के नतांज परमाणु सुविधा पर की गई एयरस्ट्राइक इस दिशा में एक निर्णायक कदम थी। नतांज ईरान के परमाणु कार्यक्रम का केंद्र है, जहां यूरेनियम संवर्धनका कार्य होता है।इसके जवाब में ईरान ने इजरायल के डिमोना परमाणु केंद्र के आसपास मिसाइल हमले किए। यह केंद्र इजरायल की परमाणु क्षमता का सबसे महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। इस प्रकार दोनों पक्षों द्वारा परमाणु ठिकानों को निशाना बनाना केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि एक खतरनाक जुआ है, जिसके परिणाम दूरगामी और विनाशकारी हो सकते हैं।रेडिएशन का बढ़ता खतरा- मानवता के लिए अदृश्य दुश्मन है,परमाणु संयंत्रों पर हमले का सबसे बड़ा खतरा केवल विस्फोट नहीं,बल्कि रेडिएशन लीक है।परमाणु संयंत्रों में यूरेनियम और प्लूटोनियम जैसे अत्यधिक रेडियोधर्मी तत्व मौजूद होते हैं। यदि



किसी हमले में इनका रिसाव होता है, तो उसका प्रभाव केवल तत्काल क्षेत्र तकसीमित नहीं रहता, बल्कि हवा, पानी और मिट्टी के माध्यम से हजारों किलोमीटर तक फैल सकता है।रेडिएशन के प्रभाव बेहद गंभीर होते हैं,कैंसर, जन्मजात विकृतियां, प्रतिरक्षा प्रणाली का कमजोर होना और दीर्घकालिक पर्यावरणीय क्षति। चेरनोबिल दुर्घटना और फुकुशिमा परमाणु दुर्घटना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, जिनके प्रभाव आज भी महसूस किए जा रहे हैं। यदि पश्चिम एशिया में इसी प्रकार की कोई घटना घटती है, तो उसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाएगा। साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी यानें (आईएईए) की भूमिका और ताजा स्थिति को समझने की करें तो इन बढ़ती आशंकाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। एजेंसी ने हाल ही में डिमोना क्षेत्र में हुए हमले के बाद स्पष्ट किया कि नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र को किसी प्रकार की क्षति के संकेत नहीं मिले हैं और विकिरण स्तर सामान्य हैं। यह राहत की खबर जरूर है, लेकिन यह स्थिति अस्थायी भी हो सकती है, क्योंकि युद्ध अभी जारी है और किसी भी समय हालात बदल सकते हैं।आईएईए लगातार क्षेत्रीय देशों के साथ संपर्क में है और रेडिएशन स्तर की निगरानी कर रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल निगरानी पर्याप्त है, या वैश्विक समुदाय को इस संकट को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे? साथियों बात अगर हम डिमोना और नतांज- क्यों हैं इतने महत्वपूर्ण? इसको समझने की करें तो डिमोना और नतांज केवल दो परमाणु केंद्र नहीं हैं,बल्कि ये दोनों देशों की सामरिक शक्ति के प्रतीक हैं। डिमोना, जिसे दुनिया के सबसे सुरक्षित परमाणु स्थलों में गिना जाता है, इजरायल की कथित परमाणु हथियार क्षमता का आधार है। यहां अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, जैसे आयरन डोम और एरो मिसाइल सिस्टम तैनात हैं। वहीं नतांज ईरान के परमाणु कार्यक्रम का हृदय है, जहां सैकड़ों सेंट्रीफ्यूज यूरेनियम को समृद्ध करने का कार्य करते हैं। इन दोनों ठिकानों पर हमला केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि विरोधी देश की रणनीतिक क्षमता को कमजोर करने का प्रयास है। साथियों बात अगर हम अमेरिका की भूमिका और बढ़ता दबाव इसको समझने की करें तो इस संघर्ष में अमेरिका की भूमिका भी बेहद अहम है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम स्थिति को और अधिक गंभीर बना देता है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलता है, तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाएगा। यह चेतावनी केवल सैन्य धमकी नहीं बल्कि आर्थिक और रणनीतिक दबाव का भी हिस्सा है।होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, और इसके बंद होने से विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। ईरान ने भी जवाब में अमेरिकी और इजरायली ऊर्जा तथा आईटी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की चेतावनी दी है, जिससे साइबर और ऊर्जा युद्ध की संभावना भी बढ़ गई है।यदि यह संघर्ष और बढ़ता है, तो इसका सबसे बड़ा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ेगा। पश्चिम एशिया दुनिया के तेल और गैस का प्रमुख स्रोत है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने या अस्थिर होने से तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है, जिससे वैश्विक महंगाई और आर्थिक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।भारत जैसे देशों के लिए, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, औद्योगिक लागत में बढ़ोतरी और आर्थिक विकास दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। साथियों बात अगर हम युद्ध का मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को समझने की करें तो परमाणु खतरे के बीच जीना केवल भौतिक संकट नहीं, बल्कि एक गहरा मनोवैज्ञानिक दबाव भी है। युद्धग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोग लगातार भय, असुरक्षा और अनिश्चितता के माहौल में जी रहे हैं। बच्चों और युवाओं पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे एक पूरी पीढ़ी मानसिक आघात का शिकार हो सकती है।

# डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे मिलेगा छुटकारा

**– सौरभ वार्ष्णेय**

देश की राजधानी दिल्ली आज सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र ही नहीं, बल्कि साइबर और वित्तीय अपराधों का भी बड़ा केंद्र दिखाई दे रही है। प्रतिदिन औसतन 50 लाख रुपये की ठगी के मामलों का सामने आना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था और डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंकड़े एक दैनिक अखबार में प्रकाशित किये गए हैं जो चौंकाने वाले दिख रहे हैं। वर्ष 2025 में 184 मामले दर्ज किये गए हैं, लगभग 70,64,80,424 रूपये (30 जून तक) तक ठग लिए गये हैं। इससे पिछले वर्ष 2024 में 1,591 मामले दर्ज हुए और 8,17,64,85,471 रूपये ठग लिए गए। आज ठगी से कैसे बचे ? अभी गैस की क्या कमी हुई ठगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया। इस डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे निजात मिलेगी तो विशेषज्ञों का कहना है कि जागरुकता और सतर्कता सावधानी जरूरी है।

दिल्ली जैसी राजधानी में दिल्ली पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के विस्तार के साथ ठगी के तरीके भी बेहद परिष्कृत हो गए हैं। पहले जहां जेबकतरी और साधारण धोखाधड़ी आम थी, वहीं अब ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, अपडेट के नाम पर ठगी, और निवेश के झांसे जैसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग और डिजिटल रूप से कम जागरूक लोग, इन ठगों का आसान शिकार बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं, लेकिन अपराधियों की चतुराई और तकनीकी दक्षता कई बार इन प्रयासों पर भारी पड़ती है। अपराधी अक्सर विदेशी सर्वर, फर्जी सिम कार्ड और डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं, जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है।




यह स्थिति कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। पहला, आम जनता का डिजिटल लेनदेन पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। दूसरा, देश की आर्थिक सुरक्षा पर इसका असर पड़ता है। तीसरा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता और संसाधनों पर भी प्रश्न उठते हैं।

समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति आवश्यक है। सबसे पहले, साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से लैस करना होगा। दूसरे, बैंकों और डिजिटल पेमेंट कंपनियों को अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाना होगा। तीसरे, स्कूलों और सामाजिक मंचों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि लोग ठगी के नए-नए तरीकों से परिचित हो सकें।

इसके अलावा, सरकार को सख्त कानून और त्वरित न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। साथ ही, आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा—अनजान कॉल, लिंक या ऑफर पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच करना जरूरी है।

हाल के महीनों में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में ऑपरेशन साई-हॉक के तहत दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन कॉल सेंटरों और गिरोहों को नेस्तनाबूद करना था जो फर्जी केवाईसी, लॉटरी और निवेश के नाम पर लोगों को लूटते हैं। इस कार्रवाई के बाद साइबर अपराधों की दर में गिरावट दर्ज की गई। अब जांच टीम के विस्तार से इस पकड़ को और मजबूत किया जा सकेगा।

यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह ठगी का जाल और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिससे न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक विश्वास भी प्रभावित होगा। यह आंकडे तो दिल्ली के है देश भर में यह ठगी का आंकडा बड़ा भी हो सकता है। लेकिन सतर्कता सावधानी जरूरी है। डिजिटल ठगी से कैसे निजात पाएं डिजिटल युग ने जहां हमारी जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं ठगों के लिए नए रास्ते भी खोल दिए हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट और ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ डिजिटल ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर दिन आम लोग अपनी मेहनत की कमाई साइबर अपराधियों के जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि डिजिटल ठगी से कैसे बचा जाए और इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण कैसे हो। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि डिजिटल ठगी केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी का परिणाम भी है। ठग अक्सर फर्जी कॉल, मैसेज, ईमेल या लिंक के माध्यम से लोगों को भ्रमित करते हैं। आपका बैंक खाता बंद हो जाएगा, केवाईसी अपडेट करें, लॉटरी लगी है —जैसे लालच और डर पैदा करने वाले संदेश लोगों को जल्दी फैसले लेने पर मजबूर कर देते हैं। इसी जल्दबाजी का फायदा अपराधी उठाते हैं।इस समस्या से निजात पाने का पहला और सबसे प्रभावी उपाय है—जागरूकता।

# राजस्थान का प्रसिद्ध लोक उत्सव है गणगौर

**– रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भावना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव ब?ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलत: कुंवारी ल?कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक ल?कियां प्रतिदिन प्रात: काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस ल?की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती




है।राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने ब?ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उम?ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भी? जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढा? की भांति ही मेवा?, हा?ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुन: जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुन: जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। ल?कियां प्रात: ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं–**गौर ये गणगोर माता खोल किवा?ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।**

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं–म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो, बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,

म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं–

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,

ल्यायोजी – ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं।

# योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं बल्कि एक उज्जवल कैरियर विकल्प भी बन चुका है : तेजवीर खर्ब

**बल्ला, 24 मार्च ( दलसिंह मान ):** आर्य कन्या महाविद्यालय गुरुकुल मोर माजरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, आत्मनिर्भरता एवं स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता संरक्षण अभियान के साथ हुई, जिसमें ह्स्स स्वयंसेविकाओं ने गांव मोर माजरा के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को यह भी बताया कि स्वच्छ वातावरण न केवल बीमारियों को दूर रखता है, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांवज्ज् का संदेश देते हुए लोगों को कूड़ा-कचरा सही स्थान पर



डालने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात च्योग़ एक प्रोफेशनज्ज् विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें प्रबंधन समिति के सदस्य तेजवीर खर्ब ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं, बल्कि एक उज्ज्वल करियर विकल्प भी बन चुका है। उन्होंने योग के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छात्राएं योग प्रशिक्षक, योग थेरेपिस्ट एवं वेलनेस कोच के रूप में अपना भविष्य सुरक्षित कर सकती हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में आत्मनिर्भर भारत विषय पर छात्राओं द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने सार्वजनिक स्थलों पर भाषण देकर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने तथा अपने कौशल के विकास के महत्व पर जोर दिया। छात्राओं ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी शुभम महरा ने छात्राओं को आवश्यकताएं और इच्छाओं के बीच अंतर समझाया तथा अनावश्यक खर्च से बचने की सलाह दी। उन्होंने बचत की आदत अपनाने और आय का कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा बचाने पर जोर दिया। इन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना और साइबर सिक्योरिटी के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में करनाल की डीएसपी राखी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। डीएसपी राखी ने छात्राओं को जागरूक नागरिक बनने का संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस व्याख्यान से छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उन्होंने सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।इस दिन आयोजित गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, अनुशासन एवं सामाजिक सेवा की भावना का विकास हुआ। छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लिया तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय प्रशासन, ह्स्स् कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी स्वयं सेविकाओं ने यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर प्रधान सुखबीर सिंह मान, उप प्रधान भूपेंद्र सिंह मान, सचिव ओम प्रकाश, सहसचिव बलवान सिंह, पूर्व प्रधान दिलीप सिंह मान, राम सिंह, और समस्त कार्यकारिणी के सदस्य, ह्स्स् ऑफिसर डॉ. कविता के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संदीप कंधवाल ने सभी प्राध्यापिकाओं और छात्राओं को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उनकी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बधाई दी।

## आर्य दादुपुर कलां में आर्य समाज के वार्षिकोत्सव पर शोभायात्रा निकाल धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**चिड़ाव, 24 मार्च ( प्रवीन कुमार ) :** गांव आर्य दादुपुर कलां में आर्य समाज के वार्षिकोत्सव पर शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन किया गया।



जिसमें महर्षि दयानंद के विचारों का प्रचार व आर्य वीर दल का प्रदर्शन करते हुए श्रद्धालु आर्य समाज मंदिर से रवाना होकर गांव की चारों ओर फिरणी मुख्य चौंक चौराहों से होते हुए बच्चे, महिला, युवा व बुजुर्गों ने पीले व भगवा परिधानों में भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्राएं निकाली। शोभायात्रा के दौरान आर्य वीर दल और वीरांगना दल द्वारा शौर्य व व्यायाम प्रदर्शन करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों, वेद प्रचार और सामाजिक सुधारों के संदेश को जनता तक पहुँचाते हुए शोभा यात्रा मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई इस अवसर पर केंद्रिय आर्य युवक परिषद हरियाणा के प्रांतोंदय संगठन सचिव सूबे सिंह आर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि आर्य समाज की स्थापना महर्षि दयानंद सरस्वती ने सन् 1875 में की। उस समय देश में अनेक सामाजिक बुराईयों,डोंग, पाखंडवाद सहित देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज नींव रखकर देश में राष्ट्रवाद, निराकार ईश्वर की प्रार्थना,नारी जाति को शिक्षा का अधिकार देने सहित सत्यार्थ प्रकाश की रचना व देश में स्वराज का नारा देशवासियों को दिया। जिससे प्रभावित होकर भारत देश के सहस्त्रों क्रांतिकारियों जोकि लाला लजपत राय, स्वामी श्रद्धानंद भगत सिंह आजाद, राजगुरु, सुखदेव, राम प्रसाद बिस्मुल, अशफाक उल्ला खां, मदनलाल, करतार सिंह, सुभाष चंद्र बोस व कृष्ण वर्मा सहित अन्य ने मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजा दिया था। कार्यक्रम में वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रमों के माध्यम से आर्य समाज ने समाज में फैले आडंबरों का विरोध करते हुए वेद की ओर लौटने का संदेश दिया। इस मौके पर सरपंच यशवीर आर्य सहित समस्त ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रायपुररानी में स्ट्रीट वेंडर्स को मिला बड़ा आर्थिक सहारा

**पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत 15 से 50 हजार रुपये तक के आसान लोन वितरित, व्यापारियों में खुशी की लहर**

**रायपुररानी, 24 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी स्थित खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी कार्यालय में पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत एक विस्तृत जागरूकता एवं लाभ वितरण कार्यक्रम




का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि का स्वागत करने से हुई, जिसमें एलडीएम गजल शर्मा ने उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र मोदगिल ने योजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजना का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी, फल एवं सब्ज़ी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के 13 जिलों के 36 ब्लॉकों को इस योजना के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें जिला पंचकूला से सेंसस रिपोर्ट के आधार पर रायपुररानी का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बिना जटिल प्रक्रिया के आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। वहीं, कृष्ण कुमार ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को 15 हजार, 30 हजार और 50 हजार रुपये तक के चरणबद्ध लोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने लाभार्थियों को समय पर ऋण चुकाने और योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और लाभार्थियों को ऋण प्रक्रिया, पात्रता और पुनर्भुगतान से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन के दौरान पात्र लाभार्थियों को एसबीआई एवं पीएनबी बैंक द्वारा लोन ऑफ़र लेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में एलडीएम गजल शर्मा, खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी परमानंद, लोकल अर्बन बॉडी पंचकूला के कृष्ण कुमार, नंबरदार दिलीप कुमार और बड़ी संख्या में ब्लॉक सरपंच, ग्राम सचिव और स्ट्रीट वेंडर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत की तरक्की के दो मजबूत स्तंभ, निजी क्षेत्र और करदाता : नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ):** कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 का जोरदार समर्थन करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी और दूरदर्शी रोडमैप बताया। जो 140 करोड़ भारतीयों के भविष्य को आकार देगा। उन्होंने जोर दिया कि भारत की विकास गाथा करदाताओं और निजी क्षेत्र की संयुक्त शक्ति से संचालित हो रही है और दोनों ही राष्ट्र निर्माण के अपरिहार्य भागीदार हैं। वित्त विधेयक को केवल एक वित्तीय अभ्यास से कहीं अधिक बताते हुए जिन्दल ने कहा कि यह किसानों को सशक्त बनाने, युवाओं को सक्षम करने, महिलाओं की गरिमा बढ़ाने और दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने के माध्यम से समावेशी और सतत विकास की नींव रखता है। उन्होंने कह यह विधेयक किसी एक पार्टी के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए है, और इसके लाभ हर नागरिक तक पहुँचेंगे।निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए जिन्दल ने कहा कि यह देश में 80त्न से अधिक रोजगार और 60त्न से अधिक जीडीपी में योगदान देता है साथ ही नवाचार



और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि भारत का आईटी निर्यात 200 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है, फार्मास्युटिकल क्षेत्र 200 से अधिक देशों की सेवा कर रहा है, और देश में आज एक लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने कहा निजी क्षेत्र केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत स्तंभ है। जिन्दल ने करदाताओं के प्रति सोच में बदलाव की भी आवश्यकता बताई और अधिक सम्मानजनक तथा नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की। उन्होंने अनुपालन में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि जीएसटी करदाताओं की संख्या 1.5 करोड़ से अधिक हो चुकी है और वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह ?22 लाख करोड़ से अधिक रहा। उन्होंने कहा करदाता कोई संदिग्ध नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदार हैं। उनके योगदान का सम्मान होना चाहिए।अपने व्यक्तिगत अनुभवों का उल्लेख करते हुए जिन्दल ने भारत की आर्थिक मजबूती की तुलना किसानों की दृढ़ता से की, जो चुनौतियों के बावजूद निरंतर कार्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के बावजूद भारत ने मजबूत पुनरुद्धार दिखाया है। सतत विकास और जीवन की गुणवत्ता पर जोर देते हुए, उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की वकालत की, ताकि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो, सब्सिडी का बोझ घटे और स्वस्थ खाद्य प्रणाली सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि विकास को केवल जीडीपी से नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में सुधार से मापा जाना चाहिए। हमें आंकड़ों से आगे बढ़कर यह देखना होगा कि हम क्या खाते हैं, जो हवा हम लेते हैं, जो पानी हम पीते हैं, और जीवन की समग्र गुणवत्ता क्या है। वित्त विधेयक के प्रावधानों का स्वागत करते हुए जिन्दल ने कर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुधारों का सुझाव भी दिया। इनमें परिवारों के लिए संयुक्त कर दाखिल करने की व्यवस्था, विवाद से विश्वास जैसी विवाद समाधान प्रणालियों को संस्थागत रूप देना, कर विवादों के त्वरित और संरचित समाधान को बढ़ावा देना, तथा कर नोटिसों को सरल, पारदर्शी और सम्मानजनक बनाना शामिल है। अपने संबोधन के अंत में जिन्दल ने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुटता की अपील की, ताकि भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्र निर्माण के मामले में हमें साथ आगे बढ़ना होगा, और वित्त विधेयक 2026 को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

## ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन

**- विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

**सोनीपत, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सोनीपत ग्रामीण-1 के कार्यालय प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम



माता पुरस्कार प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर चयनित विजेता माताओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गांव बोहला की तन्नु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें 4000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। लुहारी टिब्बा की मोनिका ने द्वितीय स्थान 3000 रुपये तथा गांव मोहाना की नेहा ने तृतीय स्थान 2000 रुपये हासिल किया। सीडीपीओ गीता रानी एवं सुपरवाइजर्स द्वारा प्रतिभागियों को पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित माताओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर्स सविता, रीतू, रेखा, अंजू, प्रवीन, सहायक दिलबाग सिंह, लिपिक राहुल, डाटा एंट्री ऑपरेटर कविता, रेखा, संजू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी को शहीद दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**कालका, 24 मार्च ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** शहीद दिवस पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को ओबीसी संगठन




उत्तर रेलवे के सहायक महामंत्री संजीव कुमार द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उसके उपरांत कालका वर्कशॉप के प्रिंसिपल फोरमैन पवन कुमार , एसएसई संदीपक राम, कार्यकारी अध्यक्ष सतविंदर सिंह, रवि कुमार,वीरेंद्र सिंह घनश्याम यादव, तेज़बीर सिंह,मान सिंह, शुभम धीमान, देव राज, रंधौर सिंह,कपिल नेगी, सतविंदर, सौरभ,भरत, सुरेश, प्रिंस, राकेश कुमार, संजीव, राम नाथ, इत्यादि सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। संजीव कुमार ने कहा कि सभी क्रांतिकारियों का देश हित में अहम योगदान रहा है। हम सभी को कभी भी इन क्रांतिकारियों के विचारों, उनके योगदान नहीं भूलना चाहिए। यह सदैव हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। इनके बलिदान से हमें सीखना चाहिए कि भारत देश सबसे पहले है अन्य सब बाद में। सभी मौजूद ओबीसी साथियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# विधानसभा के बजट सत्र में उठाए थानेसर व प्रदेश के विभिन्न मुद्दे : अशोक अरोड़ा

## कुरुक्षेत्र-कैथल व कुरुक्षेत्र-यमुनानगर फोरलेन को मिली है मंजूरी

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** हरियाणा के पूर्व मंत्री व थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उन्होने थानेसर व प्रदेश स्तर के आमजन के विभिन्न मुद्दों को विधानसभा के पटल पर रखा। इतना ही नही उनके द्वारा कई बार रखी गई कुरुक्षेत्र-कैथल वाया ढांड फोर लेन व कुरुक्षेत्र यमुनानगर फोर लेन बनाने की मांग को पूरा किया गया है। अब यह सुविधा जल्द लोगों को मिलेगी। अशोक अरोड़ा मंगलवार को केडीबी रोड स्थित अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनू जैन, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस, विवेक भारद्वाज डब्बू, सुनील राणा, जिला महासचिव कांग्रेस टेकचंद बारना, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश ओपी, बबलू गर्ग, मुकेश वाल्मीकि, विशाल मौदगिल, प्रदीप भारद्वाज व अन्य मौजूद थे। अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब



देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास की उनकी मांग को भी सरकार ने स्वीकार किया है। बाईपास के तीन विकल्प रखे गए हैं। उनमें से किसी एक को अमलीजामा पहनाया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि उन्होने विधानसभा में किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों समेत हर वर्ग के मुद्दों को उठाया। किसानों के धान घोटाला को उन्होने विस पटल पर रखा। उसके द्वारा रखे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर धान घोटाले पर चर्चा भी की गई व धान घोटाले में किसानों के नुकसान की भरपाई की बात भी सरकार ने कही है। इसके साथ साथ उन्होने बात रखी कि हाइब्रिड बीज आने के बाद सेलर मालिकों के चावल पूरे नही हो पाते, ऐसे में वे सस्ते में धान खरीदते हैं। उन्होने सुझाव दिया है कि सेलर मालिकों से 67 की बजाय 65 किलोग्राम प्रति क्विंटल चावल लिए जाएं ताकि किसान की धान सस्ते में न बिके और व्यापारियों को भी नुकसान न हो। फसलों में नमी की मात्रा भी बनी रहती है क्योंकि कंबाईन से कटाई होने के चलते फसल में नमी बनी रहती है, ऐसे में किसानों को नमी में भी राहत दी जाए।

**अस्पतालों का आयुष्मान का 600 करोड़ बकाया**

अशोक अरोड़ा ने विस में स्वास्थ्य के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड के तहत कई ऑपरेशन बंद कर दिए हैं, इसलिए उन्हे दोबारा से लिस्ट में जोड़ा जाए, ताकि आमजन आयुष्मान कार्ड का फायदा ले सके। इसके साथ साथ उन्होने मांग भी रखी कि हरियाणा के प्राईवेट अस्पतालों के आयुष्मान के 600 करोड़ रूपए बकाया पडे हैं, इसलिए जल्द वह राशि जारी की जाए, ताकि अस्पतालों में सुचारू ढंग से आयुष्मान की सुविधा मिल सके।

**कुरुक्षेत्र की पेयजल समस्या को लेकर दिए सुझाव**

अशोक अरोड़ा ने कहा कि उन्होने विधानसभा में कुरुक्षेत्र की पेयजल समस्या को उठाया। क्योंकि कुरुक्षेत्र के कई वार्डों के पानी के सेंपल फेल हो चुके है और विधानसभा में जनस्वास्थ्य मंत्री पानी के सेंपल फेल होने की बात को स्वीकार किया है। उन्होने कहा कि कुरुक्षेत्र की पेयजल सप्लाई को नहरी पानी से जोड़ा जाए। इसके अलावा अमीन रोड को चौड़ा करने व खेड़ी रामनगर गांव का बाईपास बनाने की मांग विधानसभा में उठाया। पिपली बस स्टेंड बनाने को लेकर सरकार कई वर्षों से कह रही है। पिपली बस स्टेंड सही न होने के चलते बस चौक पर रूकती हैं जिससे चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होने इसको लेकर भी प्रश्न किया कि पिपली बस स्टैंड को लेकर 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की थी, कि इसे दिल्ली की तर्ज पर पिपली का बस अड्डा बनाया जाएगा। इस पर सरकार ने जवाब दिया है कि ढाई साल में इस कार्य को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन्होने विस में रोजगार मुहैया करवाने को लेकर भी आवाज को बुलंद किया है ताकि युवा वर्ग जान जाखिम में डालकर डंकी रूट का सहारा लिए बिना हरियाणा प्रदेश में रोजागार स्थापित कर सकें। स्कूलों में शिक्षकों की कमी, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी समेत कई मुद्दों को उठाया।

**सरकार की छत्रछाया में पनप रही अवैध कॉलोनियां**

अशोक अरोड़ा ने कहा कि सरकार की छत्रछाया में कुरुक्षेत्र में अनेकों अवैध कॉलोनियां पनप रही हैं। आए दिन डीटीपी का ब्यान तो आता है कि फलां जगह कॉलोनी का ध्वस्त किया लेकिन केवल ऑपचारिकता पूरी कर दी जाती है और कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती। सरकार को चाहिए कि अवैध कॉलोनियों पर सख्ती से रोक लगाए ताकि आमजन ठगी का शिकार न हो सके व जो लोग अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होने सरकार द्वारा हुड्डा के सेक्टर काटे जाने का स्वागत किया लेकिन साथ ही कहा कि सेक्टरों के लिए जमीन मार्किट रेट से ली जाए और उसे बिना किसी लाभ हानि के हर वर्ग को प्लॉट दिएं जाएं। जिसमें एससी, बीसी व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का कोटा भी होना चाहिए। अरोड़ा ने कहा कि आज जमीनों के रेट आसमान को छू रहे हैं। सेक्टर काटने के लिए कोई भी किसान पोर्टल पर जमीन नही देगा। इसलिए मार्किट रेट पर ही जमीन लेनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा के रोडमैप को तैयार कर रहा है : श्याम सिंह राणा



**यमुनानगर, 24 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है,हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है,पिछले 10 वर्षों में हरियाणा राज्य की प्रति व्यक्ति आय में लगभग ढाई गुना की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। हरियाणा में भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि वर्ष 2005 से वर्ष 2014 की अवधि के बीच हरियाणा प्रदेश में लगभग 45 विश्वविद्यालय थे व भाजपा सरकार में वर्ष 2015 से वर्ष 2025 की अवधि के बीच 80 नए विश्वविद्यालय प्रदेश में स्थापित किए गए है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच हरियाणा का कुल निर्यात 19.10 बिलियन यूएस डॉलर का रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में किसानों की 24 फसलों को एम एस पी पर खरीदा जा रहा है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि हरियाणा केवल विकास ही नहीं कर रहा बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा के रोडमैप को तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 से वर्ष 2025 की अवधि में हरियाणा में उद्यम और उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर 20 लाख से अधिक एमएसएमई रजिस्ट्रेशन हुए है। इस दौरान जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने मामले में किठाना पुलिस द्वारा आरोपी गिरफ्तार




**राजौंद, 24 मार्च ( नरेश कुमार ):** कई युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में चौकी किठाना पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद ब्लाक के गांव गुलियाणा निवासी साहिल की शिकायत अनुसार वह 12वीं पास है और जागरण व कीर्तन का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। वर्ष 2025 में उसकी मुलाकात कुलदीप निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार से हुई, जिसने खुद को प्रभावशाली लोगों से जुड़ा हुआ बताते हुए हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट में चपरासी, हरियाणा होमगार्ड तथा अन्य सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। वह कई बार उसके घर आया और उसे व उसके परिचित युवाओं को अपने झांसे में लेकर अलग-अलग पदों पर नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाया। इसके लिए कुलदीप ने उसके जानकारों से रुपये मांगे। इसके बाद विनय, सोनू, अमन, दीपक ने उसे होमगार्ड की नौकरी लगवाने के लिए 80-80 हजार रुपये दे दिए। इसके अलावा हाफिज, विकास, संदीप व जसबीर ने चपरासी की नौकरी लगवाने के लिए 70-70 हजार रुपये और प्रमिला ने पीजीआई चंडीगढ़ में नौकरी लगवाने के लिए 30 हजार रुपये आरोपी को दे दिए। आरोपी कुलदीप ने 15 हजार रुपये उससे भी ले लिए। इसके बाद जब कुलदीप ने जानकारों को नौकरी नहीं दिलाई तो उसने कुलदीप से बातचीत की। जब उन्होंने उससे अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकी दी। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच चौकी किठाना प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई नरेंद्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव दौलतपुर जिला हिसार निवासी कुलदीप को उकलाना से काबू कर लिया गया। आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए अदालत से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## छठे नवरात्रि पर माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में सहस्त्र चंडी महायज्ञ, 11 यजमानों ने दी आहुतियां

*नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना को समर्पित होता है : पंडित नरेश*



**लाडवा, 24 मार्च ( रामगोपाल ) :** गांव बन मोड़ पर स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में छठे नवरात्रि पर सहस्त्र चंडी पूजन एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।मंदिर के पुजारी पंडित नरेश नौटियाल ने बताया कि नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना को समर्पित होता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना व यज्ञ करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं समिति के सचिव भगवान दास अरोड़ा ने बताया कि महायज्ञ में 11 यजमानों ने अपने परिवार सहित भाग लेकर आहुतियां डालीं। मुख्य यजमानों में राजेश मिगलानी, संजय गर्ग, अनिल गर्ग, पारस गर्ग, कृष्ण, रामकुमार, राजीव ढींगड़ा, सुभाष सिंह, राजकुमार, सतप्रकाश शर्मा व हरबिलास गर्ग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न हुआ और अंत में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान नरेश गर्ग, सुशील गर्ग, विशाल गर्ग, संदीप गोयल, सुमित गर्ग, अमन गर्ग, अमित, आदर्श गर्ग, बबीता गर्ग, ध्रुव गोयल, सीमा गर्ग, चैतन्य गर्ग आदि मौजूद थे।

## युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संख्या-2 में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक शुरुआत है और अब स्वयंसेवकों की आपदा मित्र के रूप में यात्रा प्रारंभ होती है, जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वयंसेवकों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज सेवा के लिए अधिक सक्षम बनते हैं। वहीं अमित कौशिक ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े स्वयंसेवक इस प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। जितेंद्र सिंह द्वारा एनएसएस एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सभी स्वयंसेवकों, शिक्षा एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षित एवं सक्षम स्वयंसेवकों की एक सशक्त टीम तैयार करना है, जो भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों में समाज की सहायता कर सके। इस समापन अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. आनंद कुमार, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अमित कौशिक, प्रोजेक्ट ऑफिसर डिजास्टर मैनेजमेंट जतिंदर सिंह, तथा राजबीर सिंह उपस्थित रहे।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कलाल माजरा में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई



**बाबैन, 24 मार्च ( राजेश कुमार ) :** ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट निरंतर जनसेवा का कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज यह मेडिकल यूनिट बाबैन ब्लॉक के गांव कलाल माजरा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ लिया। मोबाइल मेडिकल यूनिट की मैडिकल टीम ने गांव में 47 मरीजों की जांच कर उन्हें उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप परामर्श दिया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं, जबकि 7 लोगों को रक्त और मूत्र जांच की सुविधाएं भी मौके पर ही प्रदान की गईं। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित 'स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान' के अंतर्गत यह मेडिकल यूनिट न केवल बीमारियों के इलाज का माध्यम बन रही है, बल्कि लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है।

# रेलवे रोड हुड्डा मार्केट नरवाना मे रातों-रात गिराई गई पानी की टंकी पर बवाल, लोगों ने लगाया जाम-अब खुद करेंगे पुनर्निर्माण

**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** बस नरवाना रेलवे रोड स्थित आर्य स्कूल के पास हुड्डा मार्केट मे बनी पानी की टंकी को देर रात कथित रूप से जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों की मदद से गिराए जाने का मामला तूल पकड़ गया। घटना के बाद शहरवासियों में रोष फैल गया और उन्होंने विरोध स्वरूप हुड्डा मार्केट के पास रेलवे रोड पर जाम लगा दिया।स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10 बजे टंकी को गिराया गया और तुरंत मलबा भी उठा लिया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई रात के समय इसलिए की गई ताकि किसी को भनक न लगे। हालांकि नगर परिषद ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है।ठेकेदार अनिल ने भी बयान जारी कर कहा कि यह कार्रवाई ड्यूटी टाइम में नहीं हुई और इसमें उनका कोई हाथ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिसने भी यह काम किया है उसके खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।शहरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि हुड्डा क्षेत्र के एक मंदिर को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई और वहां लगी ग्रिल को काटने का प्रयास किया गया। इस घटना से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई न किए जाने से नाराज लोगों ने रेलवे रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने का प्रयास किया।सिटी एसएचओ आत्माराम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि यह कार्रवाई प्रशासन की ओर से हुई है तो इसकी वजह पता की जाएगी और यदि किसी शरारती तत्व का हाथ है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद शहरवासियों और हुड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मिलकर पानी की टंकी के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया।

मौके पर ईंट, बजरी और सीमेंट मंगवाकर निर्माण कार्य शुरू किया गया। लोगों ने नारियल फोड़कर टंकी के पुनर्निर्माण का शुभारंभ किया और प्रसाद स्वरूप लड्डू भी वितरित किए।कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि यह पूरी घटना किसी एक दुकानदार की साजिश हो सकती है जो मौके से फरार बताया जा रहा है। वहीं शहरवासियों,एमसी कैलाश सिंगला और आशुतोष शर्मा सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।लोगों ने प्रशासन को लिखित शिकायत सौंप दी है।

एसएचओ आत्माराम ने शिकायत प्राप्त कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिसके बाद जाम खोल दिया गया।एमसी कैलाश सिंगला ने बताया कि यहां पानी की टंकी का दोबारा निर्माण किया जाएगा और साथ ही वाटर कूलर भी लगाया जाएगा ताकि आमजन को पहले की तरह पानी की सुविधा मिलती रहे।फिलहाल, मौके पर निर्माण कार्य जारी है और शहरवासी इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान व हुक्का पीने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी अपराजिता

**कैथल, 24 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ) :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एनटीसीपी के प्रभावी क्रियान्वयन और कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों, हुक्का सेवन को बढ़ावा देने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान कर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। डीसी अपराजिता ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों में 'तंबाकू मुक्त क्षेत्र' के साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। कार्यालय परिसर में धूम्रपान करने वाले कर्मचारियों और आम लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षा विभाग को भी निर्देश दिए गए कि सभी सरकारी व निजी स्कूलों में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वे चालान रिपोर्टिंग और विभागों के बीच समन्वय का कार्य संभालेंगे। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि वाहनों पर हुक्का दर्शाने वाले स्टिकर लगाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जाए और उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जाएं। खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल विभाग को निर्देश दिए कि वे नियमानुसार खुले सिगरेट की बिक्री और प्रतिबंधित गुटखा व अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण रोक सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। पंचायत बैठकों और सरकारी संस्थानों में तंबाकू उपयोग पर प्रतिबंध लागू करने तथा गांवों को 'तंबाकू मुक्त' बनाने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीएमसी कपिल शर्मा, डीएसपी सुशील प्रकाश, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, डिप्टी सिविल सर्जन डा. सचिन मांडले, डा. नवराज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना से महिलाओं को मिल रही नई पहचान : महेंद्र पाल

**हिसार, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार की मातृशक्ति उद्यमिता योजना अहम भूमिका निभा रही है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि यह योजना महिलाओं के लिए किसी अवसर से कम नहीं है, जिसके जरिए वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें यह योजना विशेष रूप से प्रभावी साबित हो रही है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

उपायुक्त ने ने बताया कि योजना के तहत पात्र महिलाओं को 3 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है, जिस पर 7 प्रतिशत तक ब्याज में सब्सिडी मिलती है। इससे महिलाएं कम लागत में अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, बुटीक, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, किराना दुकान, फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प और अन्य छोटे उद्योगों से जुडक़र आय के नए स्रोत बना रही हैं। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक महिलाएं हरियाणा महिला विकास निगम के जिला कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकती हैं।

## सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के विद्यार्थियों ने खाटू श्याम मंदिर में टेका माथा, भजनों से गूंजा माहौल

*धार्मिक यात्रा के दौरान बच्चों ने की शहर की खुशहाली की कामना, सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने पर जोर*



**तरावड़ी, 24 मार्च ( छाया शर्मा ) :** सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाना के विद्यार्थियों ने तरावड़ी स्थित भव्य खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर श्रद्धा भाव से माथा टेका और धार्मिक वातावरण में भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालु बच्चों की भक्ति से सराबोर नजर आया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भगवान खाटू श्याम के चरणों में नमन करते हुए शहर की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन और कीर्तन ने उपस्थित लोगों को भी भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. मुनीष परवेज राणा ने कहा कि विद्यालय की ओर से समय-समय पर इस प्रकार की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति, परंपराओं और धरोहरों से जोड़ना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि स्कूल प्रशासन हमेशा इस दिशा में सक्रिय रहता है और भविष्य में भी बच्चों को विभिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाकर उन्हें भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। इस धार्मिक यात्रा के दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे अनुशासन के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 25 मार्च को सुबह 9:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 10वी, 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई और अन्य डिप्लोमा धारक भाग ले सकते है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य रूप से पुखराज हैल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कुरुक्षेत्र व एसआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड चंडीगढ़ कम्पनियाँ युवाओं को निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

## रबी फसल की खरीद को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी की : डीसी

**हिसार, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि रबी फसल की खरीद को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इसके लिए नए मापदंड भी तय किए गए हैं। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार अनाज मंडियों में फसल बेचने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। उन्होंने बताया कि मंडी में गेट पास बनवाने के लिए अब वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट का फोटो सत्यापन होगा। इसके साथ ही किसान का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन भी किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से इस सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया गया है। गेहूं का भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी खरीद कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार ही मंडियों में किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर 18001802060 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## कार्यकर्ताओं की पार्टी है भाजपा : अर्जुन राम मेघवाल



**असंध, 24 मार्च ( दलसिह मान ):** असंध हल्के के गांव बल्ला के बीजेपी के कार्यकर्ता की टीम के द्वारा केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। जिसमें युवा भाजपा नेता राधेश्याम बल्ला और उनकी टीम ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर सत्ता हासिल करने वाली पार्टी है। इसलिए पार्टी में कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित के कार्य करती है और बिना भेदभाव के विकास कार्य में पहल करती है। जिसमें अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता को भी प्रदेश और देश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित कर अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर भाजपा के दिल्ली एडिशन कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंडल सचिव सुनील प्रजापति, सोनू, शक्ति प्रमुख पालू प्रजापत, महेश, रामकरण प्रजापत, रामफल, अनुज जैन, सोनू खजुरिया, मोनू, नरेंद्र, बबलू शर्मा, रमन शर्मा, मनोज शर्मा, निशांत कुमार, राजू प्रजापत, हरीश ठकराल व नीरज चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत ने शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया

## *श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं समाज के लोगों ने वीर शहीदों को किया नमन*

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** सोमवार को शहीदी दिवस के अवसर पर विशाल सिंगला प्रधान श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत की प्रेरणा से एवं मार्गदर्शन में अग्रवाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कर्नल राजकुमार मलिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अग्रवाल समाज के लोगों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। सभी लोगों ने वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण किया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कर्नल राजकुमार ने शहीदों के त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि आज हम जो स्वतंत्रता और स्वाभिमान का जीवन जी रहे हैं, वह महान क्रांतिकारियों के बलिदान का परिणाम है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि देश अपने वीर सपूतों के बलिदान को कभी नहीं




भूल सकता है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर संकट आया है, तब-तब हमारे वीर जवानों और क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र की रक्षा की है। उन्होंने हमें स्वतंत्र वातावरण में जीने का अवसर प्रदान किया है। विशाल सिंगला नें युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे और देश की एकता, अखंडता एवं विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हुए समाज एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने नशा मुक्ति पर भी जोर देते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे अपने-अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और समाज को इस बुराई से मुक्त बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के अंत में विशेष गर्ग कैशियर ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को निरंतर बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितेंद्र गोयल उपप्रधान श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत, कुलवंत गर्ग, अभय मित्तल, गौरव मित्तल, जयपाल, राजीव गर्ग एवं समस्त कार्यकारिणी, श्री खैरती लाल लाल सिंगला, नितिन गोयल, शालीन गोयल, प्रोफेसर मांगेराम गुप्ता, पार्षद प्रिंस, सतीश गर्ग, अर्जुन गर्ग, प्रदीप सिंगला, संजय सिंगला, बीबी जिंदल, रमेश सिंघल, वीरभान गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, बृजभूषण गर्ग, विवेक भारद्वाज, राजेश्वर गोयल, प्रमोद मित्तल, सुमित गुप्ता, डीके गुप्ता, रमेश सिंघल, अमित सिंगला, नवीन बंसल, सुशील कंसल, संजय सिंगला, अंकुश गर्ग, कपिल मित्तल, अमरनाथ इत्यादि मौजूद रहे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी ( दिशा ) की बैठक 27 मार्च को

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की छठी बैठक 27 मार्च 2026 को दोपहर 2.30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सभी विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एटीआर जल्द से जल्द प्रशासन के पास भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू राठी ने दी है।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 25 मार्च को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 25 मार्च को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 वर्ष से पहले के केस बिजली चोरी संबंधी मुकदमे कोर्ट में लंबित है, सुनवाई दरबार में नहीं होगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय तक सेक्टर-8 विद्युत सदन में पहुंचकर बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निवारण करवाएं।

### पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित : डीसी अपराजिता

**कैथल, 24 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक, अनुसंधान संस्थानों, वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान, नवाचार कार्य के क्षेत्र में काम किया हो। आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

# टीबी की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : रमेश चौधरी

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। आमजन को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए रेडक्रॉस जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रेडक्रॉस सभागार में आयोजित जागरूकता सेमिनार में जिला सचिव रमेश चौधरी ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग लेने पहुंचे युवाओं के साथ रेडक्रॉस कर्मियों को टीबी के प्रति जागरूक किया। जिला रेडक्रॉस सचिव रमेश चौधरी ने बताया कि




उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष विश्राम कुमार मीणा के निर्देशानुसार रेडक्रॉस की ओर से टीबी उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लक्ष्य को लेकर रेडक्रॉस द्वारा टीबी बचाव के प्रति लोगों को अवगत कराया जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है और ग्राम पंचायतें भी टीबी उन्मूलन में भागीदार हैं, क्योंकि टीबी रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। जिला सचिव रमेश चौधरी ने कहा कि समाज में टीबी को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। सही समय पर इलाज मिलने से यह रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने आमजन को आह्वान किया कि वे टीबी से जुड़े किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें और तुरंत जांच करवाएं। रेडक्रॉस टीबी कोऑर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव डॉ. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज किया जा रहा है। सरकार की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों भी रेडक्रास की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। रेडक्रॉस और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिलकर निशुल्क टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

कैंपों के आयोजन में जिला टीबी अधिकारी डॉ. संदीप अग्रवाल का विशेष सहयोग रहता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं से निक्षय मित्र बनकर टीबी के गरीब मरीजों को गोद लेने की अपील की। इसके साथ ही रेडक्रॉस वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं। इस अवसर पर टीबी वालंटियर जोंगेंद्र, राहुल, रानी और आरती प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## अमर शहीदों और वीर सपूत पंकज राणा की याद में उमड़ा युवाओं का सैलाब, 78 यूनिट रक्त संग्रहित

*कलायत युवा शक्ति क्लब द्वारा अंबेडकर भवन में दूसरा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित, नपा प्रधान अंकित जैलदार ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित*

**कलायत, 24 मार्च ( सूबे सिंह मोर ) :** देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस तथा क्षेत्र के लाडले शहीद नायक पंकज राणा की पावन स्मृति में सोमवार को कलायत के अंबेडकर भवन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा शक्ति क्लब द्वारा आयोजित इस दूसरे रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर में कुल 78 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका प्रधान अंकित जैलदार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैच लगाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। युवाओं को संबोधित करते हुए अंकित जैलदार ने कहा कि युवाओं द्वारा दान की गई रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकती है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और शहीदों को श्रद्धांजलि देने का इससे पवित्र तरीका कोई और नहीं हो सकता। हादसे में घायल होने के बाद शहीद हुए थे पंकज राणा प्रधान अंकित जैलदार ने कलायत के बेटे



शहीद पंकज राणा को याद करते हुए बताया कि भारतीय सेना के नायक पंकज राणा एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पंचकूला के आर्मी अस्पताल में उपचार के दौरान 9 सितंबर 2025 की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। पंकज राणा की शहादत और देश के प्रति उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें देशप्रेम की प्रेरणा देता है। आज का युवा न केवल अपनी विरासत को सहेज रहा है, बल्कि रक्तदान जैसे नेक कार्यों के माध्यम से समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, भाजपा नेता वीरेंद्र राणा, पार्षद महिपाल पवार और पार्षद प्रतिनिधि संजय धीमान उपस्थित रहे। क्लब के सदस्य संजय धीमान ने बताया कि युवा शक्ति क्लब सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव समर्पित है। यह क्लब की ओर से आयोजित दूसरा बड़ा रक्तदान शिविर था, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को लेकर स्थायी समिति की बैठक

*कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश*

**करनाल, 24 मार्च ( परमजीत कौर ) :** कन्या भ्रूण हत्या को रोकने एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) को लेकर एक बैठक आज यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त योगेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एडीसी ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में लिंग अनुपात कम है वहां एसडीएम और क्षेत्र के मौजिज लोगों की मदद से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक में उप सिविल सर्जन (परिवार नियोजन) डा. शीनू चौधरी ने बताया कि जिला में पिछले तीन महीने में लिंग अनुपात में अपेक्षित सुधार हुआ है। दिसंबर 2025 में यह 940 था जो फरवरी में बढक़र



973 हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों के दौरान जिला में 75 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाए जाने पर इस महीने दो केंद्रों को सील भी किया गया। जिला में 90 पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी से भी अनुरोध किया गया है कि वे स्कूलों में बेटी बचाओ के प्रति विद्यार्थियों को प्रार्थना सभाओं में जागरूक करें। एडीसी द्वारा पूछने पर उप सिविल सर्जन ने बताया कि असंध क्षेत्र में लिंगानुपात अन्य क्षेत्रों के मुकाबले थोड़ा कम है। इस पर मेहता ने निर्देश दिए कि संबंधित एसडीएम और उस क्षेत्र के मौजिज लोगों की सहायता से वहां जागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ संतोष गिरधर ने भी भाग लिया।

# भारत में महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों पर प्रतियोगिता आयोजित

**शाहाबाद मारकंडा, 24 मार्च ( रूबी ) :** आर्य कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अंजू के कुशल निर्देशन में भारत में महिला सशक्तिकरण की चुनौतिया विषय पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के तकनीकी कौशल को निखारना और उन्हें महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप




प्रज्जवलन के साथ की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. आरती त्रेहन ने कहा कि आज के डिजिटल युग में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का कौशल भी अनिवार्य है। उन्होंने ज्महिला सशक्तिकरणच् विषय की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्राओं में आत्मविश्वास भरती हैं और उन्हें समाज की वास्तविक चुनौतियों को समझने व उनका समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अंजू ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वाणिज्य विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें ऐसे मंच प्रदान करना है जहाँ वे अपनी रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 19 विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी तकनीकी कुशलता और गहन शोध के माध्यम से विषय के विभिन्न पहलुओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका कंप्यूटर साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराधा और राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा ने निभाई। जिसमें प्रथम स्थान खुशनीत कौर, बी.कॉम. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान शिवानी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान महक, एम.कॉम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। मंच का संचालन रजनी धवन द्वारा किया गया। कार्यक्रम केसफल आयोजन मेंएसोसिएट प्रो. वीणा, अंकिता हंस और योगिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल, 24 मार्च ( यशपाल कादियान ) :** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आवेदन पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं। डी.सी ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

## वेदा इंटरनेशनल स्कूल नरवाना में वार्षिक परीक्षा परिणाम व प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** वेदा इंटरनेशनल स्कूल, नरवाना में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों, अभिभावकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। विद्यालय की प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों को विद्यार्थियों की सफलता का मुख्य आधार बताया।

समारोह के अंत में प्रधानाचार्या सिल्की चोपड़ा ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही इस प्रकार की उपलब्धियां संभव हो पाती हैं।

## अपनी बेटी अपना धन योजना के लाभार्थियों से दस्तावेज़ जमा कराने की अपील

**हिसार, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा अपनी बेटी अपना धन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अवगत कराया जाता है कि जिन पात्र लाभार्थियों ने अभी तक अपनी परिपक्व राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन नहीं किया है, वे शीघ्र आवश्यक दस्तावेज़ जमा करवाएं।

यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि यह योजना वर्ष 1994 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर सरकार द्वारा प्रारंभ की गई थी। योजना के तहत बालिकाओं के कल्याण के लिए 2500 रुपये की राशि इंदिरा विकास पत्र के रूप में निवेश की गई थी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने एवं अविवाहित रहने की शर्त पूरी होने पर इस राशि का भुगतान किया जाना निर्धारित है। उन्होंने बताया कि यह योजना मार्च 1999 में बंद कर दी गई थी तथा इसकी परिपक्व राशि का भुगतान वर्ष 2012 से 2017 के बीच किया जाना था। किन्हीं कारणोंवश कुछ लाभार्थियों द्वारा अभी तक आवेदन नहीं किया गया है।

उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अनुरोध करते हुए कहा कि जिनके पास अपनी बेटी अपना धन योजना का वैध प्रमाण पत्र है, वे शीघ्र अपने संपूर्ण दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड, दसवीं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक आदि के साथ संबंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपनी राशि प्राप्त करें।

## न्यूट्रिशन किट देकर मनाया विश्व क्षयरोग दिवस-2026

**करनाल, 24 मार्च ( सोनी दुआ ) :** हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं महासचिव डॉ. सुनील कुमार के दिशा-निर्देशन में संचालित टी.बी. प्रोजेक्ट के तहत उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में आज टी.बी. मरीजों को न्यूट्रिशन किट वितरित की गई। जिला रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी मरीजों को पॉस्टिक आहार युक्त 10 न्यूट्रिशन किट वितरित की गईं ताकि टीबी के इलाज में उनको किसी भी प्रकार की कमजोरी महसूस ना हो और वो अपना इलाज



सरकारी अस्पताल से निरंतर पूरा करें।

डॉ दीना नाथ द्वारा टीबी रोगियो से उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई व टी.बी. रोगियों को नियमित दवाइयां लेने तथा पौष्टिक खाना जैसे प्रोटीन युक्त आहार लेने बारे में बताया गया ताकि वो जल्दी रिकवरी कर सकें। इस अवसर पर राजपाल चौधरी, प्रदीप नंदा, लेखा लिपिक, परवीन सिंगला, प्रोजेक्ट मैनेजर परमिला, लेखाकार सपना पाल, आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेज मे शहीदी दिवस पर प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई

*शहीदों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है : प्रो. कुशल पाल*



**लाडवा, 24 मार्च ( राम गोपाल ) :** शहीदी दिवस के अवसर पर कॉलेज में एन. एस. एस. शाखा एवं आत्मनिर्भर भारत प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत देश के अमर शहीदों– जिनमें स्वतंत्रता संग्राम के महान वीरों जैसे भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन, संघर्ष, त्याग और बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को देशभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ करना है। प्राचार्य प्रो. कुशल पाल ने अपने संदेश में कहा कि शहीदों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन सिवाच ने बताया कि एन.एस.एस. का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के साथ–साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना है, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर डॉ. नीरू बाला, संयोजिका, आत्मनिर्भर भारत प्रकोष्ठ ने प्राचार्य और उपस्थित शिक्षकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. यशपाल सिंह और डॉ. वंदना गुप्ता मौजूद रहे।

# शहीदी दिवस पर जिन्दल हाउस में शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र में शहीदी दिवस के अवसर पर देश के अमर वीरों को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल की टीम और अन्य लोगों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने भी माँ भारती के अमर सपूत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम आज भी हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करता है। उनका राष्ट्रप्रेम हमें एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्रता और खुले वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर शहीदों के अद्वितीय बलिदान का ही परिणाम है। उनके त्याग और समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि शहीदों के आदर्श हमें राष्ट्र सेवा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाते हैं। हमें चाहिए कि हम उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर प्रयास करें।

# इन्नरव्हील क्लब का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना : रेनू वधवा

*गुमटी स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी व खाद्य सामग्री*



**शाहाबाद मारकंडा, 24 मार्च ( रूबी ) :** इन्नरव्हील क्लब द्वारा राजकीय प्राईमरी स्कूल गुमटी के विद्यार्थियों को स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। क्लब की प्रधान रेनू वधवा, सचिव मधु मोदगिल ने बताया कि क्लब द्वारा स्कूलों में पढने् वाले जरूरतमंद बच्चों को हर संभव सहायता दी जाती है। ताकि बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा पिछले लम्बे समय से समाजसेवा के प्रकल्प किए जा रहे है। इसके अलावा बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना व शिक्षा के महत्व बारे भी जागरूक किया जाता है।

रेनू वधवा ने कहा कि इन्नरव्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि क्लब समय–समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। बच्चों को कॉपियां, पैन, पेंसिल, फल, मिठाईयां, जूस सहित अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामग्री के साथ–साथ खाद्य सामग्री भी दी गई। स्कूल के मुख्याध्यापक हरिकिशन ने इस समाजसेवा के कार्य के लिए क्लब की प्रधान व सदस्यों का आभार व्यक्त किया व क्लब द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यो की प्रशंसा की। इस मौके पर राकेश सपरा, अमित जैन, अरूण सैनी, संदीप, मीना कुमारी सहित स्कूल स्टाफ व क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# सोहन लाल ने अपने गांव सिंबलवाल और इलाके का नाम किया रोशन

*बाबैन क्षेत्र के लिए गर्व की बात पाइन गैस ने सुरक्षित पार किया होर्मुज़ जलडमरूमध्य*



**बाबैन, 24 मार्च ( राजेश कुमार ) :** बाबैन क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी की खबर सामने आई है। भारतीय एलपीजी टैंकर पाइन गैस ने 23 मार्च, 2026 को विश्व के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक और सुरक्षित पार कर लिया है। यह टैंकर अब 29 मार्च, 2026 को न्यू मंगलौर बंदरगाह पर पहुंचने वाला है। इस महत्वपूर्ण मिशन में बाबैन के गांव सिंबलवाल का नाम भी रोशन हुआ है। जहाज के मुख्य अधिकारी (चीफ ऑफिसर) के रूप में सोहन लाल इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो गांव के पूर्व सरपंच एवं भाजपा मंडल बाबैन के पूर्व महामंत्री किशोरी लाल के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे बाबैन क्षेत्र व लाडवा विधानसभा में खुशी और गर्व का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पाइन गैस का होर्मुज़ जलडमरूमध्य पार करना पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान भारतीय और ईरानी नौसेनाओं का भी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे यह अभियान पूरी तरह सुरक्षित और सफल रहा। गौरतलब है कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य विश्व के सबसे व्यस्त और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में वैश्विक तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे संवेदनशील मार्ग को सुरक्षित पार करना भारतीय समुद्री क्षमता और कुशल संचालन का प्रतीक है। स्थानीय निवासियों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने सोहन लाल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे बाबैन क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।

# कांग्रेस सांपनाथ, बीजेपी नागनाथ और तीसरी पार्टी बिच्छुनाथ : अभय चौटाला का तीखा हमला

*युवा सम्मेलन में बड़ी घोषणाएं–2029 में 50% टिकट युवाओं को, नौकरी तक रू 21 हजार भत्ता का वादा*



**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** गत संध्या शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर नरवाना की अनाज मंडी में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा आयोजित प्रदेशस्तरीय युवा सम्मेलन में युवाओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सम्मेलन का आयोजन युवा सेल के राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला के संयोजन में हुआ जबकि मंच संचालन रानियां विधायक अर्जुन चौटाला ने किया ।इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि 2029 के विधानसभा चुनाव में 50 प्रतिशत टिकट युवाओं को दिए जाएंगे ।उन्होंने वादा किया कि सरकार बनने पर हर घर से एक युवा को सरकारी नौकरी दी जाएगी और जब तक नौकरी नहीं मिलती तब तक 21,000 मासिक सम्मान भत्ता दिया जाएगा। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की अभय चौटाला ने कांग्रेस और बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कांग्रेस सांपनाथ है, बीजेपी नागनाथ है और एक अन्य पार्टी बिच्छुनाथ है। इन सबने मिलकर प्रदेश को लूटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दलों की मिलीभगत के कारण प्रदेश की स्थिति बिगड़ी है और जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कहा कि दर 27.8 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है जिससे युवा नशे और अपराध की ओर बढ़ रहे हैं या विदेश जाने को मजबूर हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग में खाली पड़े पदों और भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ी का मुद्दा भी उठाया। दिग्गज नेताओं ने भरी हुंकारप्रो. संपत्त सिंह राष्ट्रीय संरक्षक ने कहा कि इनेलो हमेशा शहीदों के सम्मान की परंपरा निभाती आई है। रामपाल माजरा प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर अहंकार का आरोप लगाते हुए कहा कि इनेलो ही जनता के हकों की सच्ची लड़ाई लड़ रही है। करण चौटाला ने युवाओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान जुलाना से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी धर्मेंद्र ढुल और भाजपा एससी सेल के जिलाध्यक्ष रति राम अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इनेलो में शामिल हो गए। अभय चौटाला ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए इसे जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया। इस अवसर पर आदित्य देवीलाल, वासुदेव शर्मा, सुदेश चौपड़ा पूर्व नगर परिषद प्रधान, राधेश्याम शर्मा, सुनैना चौटाला सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां कालरात्रि की पूजा से भय, शत्रु, नकारात्मक ऊर्जा से मिलती है मुक्ति : पंडित ऋषि राज



**शाहाबाद मारकंडा, 24 मार्च ( रूबी ) :** श्रीमद् देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर के पीठाधीश पंडित ऋषि राज ने बताया कि चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सप्तमी को मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। मां का यह कालरात्रि रूप माता दुर्गा का उग्र स्वरूप माना जाता हैं, जो बुराईयों और नकारात्मक शक्तियों का नाश करती हैं। इन्हें शुभकरी भी कहा जाता है, यानी अपने भक्तों को शुभ फल देने वाली है। पंडित ऋषि राज ने बताया कि मां कालरात्रि की पूजा से भय, शत्रु और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है। आत्मविश्वास और साहस में वृद्धि होती है। ग्रह दोष और बाधाएं दूर होती हैं। सुख–समृद्धि और शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मां कालरात्रि की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। गंगाजल से शुद्धिकरण करें। रोली, अक्षत, फूल अर्पित करें। दीपक और धूप जलाएं। माता को गुड़ या गुड़ से बनी मिठाई का भोग लगाएं। देवी कालरात्र्यै नमः मंत्र का जाप करें और आरती करें। ऋषि राज ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से पूरी निष्ठा से मां की अराधना, पूजा करते है उन्हें माता रानी का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि अष्टमी के दिन सुबह माता रानी को भोग लगवाकर कंजक पूजन करें। कंजक पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। क्योंकि माता रानी कंजकों के रूप में भक्तों को दर्शन देती है और मनोकामनाएं पूर्ण करती है।

# नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में एआई प्रशिक्षण, शिक्षकों को मिली आधुनिक शिक्षा की नई दिशा



**तरावड़ी, 24 मार्च ( छाया शर्मा ) :** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल तरावड़ी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 35 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के क्षेत्र में एआई के बढ़ते महत्व व उसके व्यावहारिक उपयोग को गहराई से समझा। प्रशिक्षण सत्र का संचालन संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की समन्वयक एवं सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन कविता लल्लर द्वारा किया गया। उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि एआई तकनीक के माध्यम से कक्षाओं को अधिक इंटरैक्टिव, प्रभावी और रोचक बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि एआई आधारित टूल्स छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के साथ–साथ उनके सीखने के अनुभव को व्यक्तिगत बनाते हैं, जिससे प्रत्येक छात्र की जरूरत के अनुसार शिक्षण संभव हो पाता है। साथ ही, यह तकनीक शिक्षकों को बेहतर पाठ योजना तैयार करने और सटीक मूल्यांकन करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र खेड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की सभी शिक्षकों ने सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा में तकनीकी नवाचारों को अपनाना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। कार्यक्रम पूरी तरह संवादात्मक रहा, जिसमें शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को लेकर उत्सुकता दिखाई। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए डिजिटल एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# रेलवे रोड हुड्डा मार्केट नरवाना मे रातों–रात गिराई गई पानी की टंकी पर बवाल, लोगों ने लगाया जाम; अब खुद करेंगे पुनर्निर्माण



**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** बस नरवाना रेलवे रोड स्थित आर्य स्कूल के पास हुड्डा मार्केट मे बनी पानी की टंकी को देर रात कथित रूप से जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों की मदद से गिराए जाने का मामला तूल पकड़ गया। घटना के बाद शहरवासियों में रोष फैल गया और उन्होंने विरोध स्वरूप हुड्डा मार्केट के पास रेलवे रोड पर जाम लगा दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10 बजे टंकी को गिराया गया और तुरंत मलबा भी उठा लिया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई रात के समय इसलिए की गई ताकि किसी को भनक न लगे। हालांकि नगर परिषद ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है ठेकेदार अनिल ने भी बयान जारी कर कहा कि यह कार्रवाई ड्यूटी टाइम में नहीं हुई और इसमें उनका कोई हाथ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिसने भी यह काम किया है उसके खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए ।शहरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि हुड्डा क्षेत्र के एक मंदिर को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई और वहां लगी ग्रिल को काटने का प्रयास किया गया। इस घटना से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई न किए जाने से नाराज लोगों ने रेलवे रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने का प्रयास किया ।सिटी एसएचओ आत्माराम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्रवाई प्रशासन की ओर से हुई है तो इसकी वजह पता की जाएगी और यदि किसी शरारती तत्व का हाथ है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद शहरवासियों और हुड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मिलकर पानी की टंकी के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया। मौके पर ईंट, बजरी और सीमेंट मंगवाकर निर्माण कार्य शुरू किया गया। लोगों ने नारियल फोड़कर टंकी के पुनर्निर्माण का शुभारंभ किया और प्रसाद स्वरूप लड्डू भी वितरित किए ।कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि यह पूरी घटना किसी एक दुकानदार की साजिश हो सकती है जो मौके से फरार बताया जा रहा है। वहीं शहरवासियों,एमसी कैलाश सिंगला और आशुतोष शर्मा सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है ।लोगों ने प्रशासन को लिखित शिकायत सौंप दी है। एसएचओ आत्माराम ने शिकायत प्राप्त कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिसके बाद जाम खोल दिया गया ।एमसी कैलाश सिंगला ने बताया कि यहां पानी की टंकी का दोबारा निर्माण किया जाएगा और साथ ही वाटर कूलर भी लगाया जाएगा ताकि आमजन को पहले की तरह पानी की सुविधा मिलती रहे ।फिलहाल, मौके पर निर्माण कार्य जारी है और शहरवासी इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# गांव ने इकट्ठा होकर गांव को पानीपत जिले में शामिल होने का किया विरोध



**मूनक, 24 मार्च ( जयभगवान ) :** खंड के गांव मोर माजरा पिछले दिनों सरकार की स्कीम के तहत पानीपत जिले में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया। जिसमें गांव के लोगों ने इसका विरोध किया और गांव के लोग व सरपंच द्वारा ग्राम सभा कर गांव के लोगों को इकट्ठा किया। जिन्होंने सभी नेअपने गांव को पानीपत जिले में जाने का विरोध किया और इकट्ठा होकर अपने गांव को करनाल जिले में शामिल रहने की मांग की। उन्होंने कहा कि तहसील हमारे गांव से 2 किलोमीटर के लगभग, पुलिस चौकी अस्पताल, स्कूल व हमारा पैतृक गांव बल्ला भी हमसे दो किलोमीटर के दायरे में है। खंड कार्यालय हमारे गांव से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर है। अगर हमारे गांव को पानीपत में शामिल हो जाने पर हमें अनेकों समस्या हो जाएगी। जिसके कारण सभी ग्रामवासी इकट्ठा होकर इसका विरोध किया और सरकार से ग्राम सभा द्वारा जोरदार मांग की कि हमारे गांव को मूनक खंड कार्यालय व करनाल जिले में रहने की मांग की। गांव सरपंच राजेंद्र द्वारा ग्राम सभा कर पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणों की मांग को खंड कार्यालय में अधिकारी को दी।

इसमें ग्रामीण नरेश, रमेश, जगमाल, मनदीप शर्मा, अमित, कुलबीर, मीना, कविता, गुड्डी, कमला, विमला, विद्या सैकड़ो महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# नरवाना में 2067 एकड़ पर बसेंगे 10 नए रिहायशी सेक्टर, ई–भूमि पोर्टल से किसानों को मिलेगा सीधा अधिकार



**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** शहर के सुनियोजित और आधुनिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रशासन ने नरवाना और आसपास के क्षेत्रों में नए रिहायशी सेक्टर विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस योजना के तहत करीब 2067 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर 10 नए सेक्टर बसाए जाएंगे जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। यह जानकारी संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने भगवान परशुराम संस्थान गेबी साहिब मंदिर के निकट आयोजित एक जागरूकता शिविर के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना केवल नरवाना शहर तक सीमित नहीं होगी बल्कि डूमरखा कलां, मोहल खेड़ा सहित आसपास के राजस्व क्षेत्रों को भी कवर करेगी जिससे पूरे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों और भूमि मालिकों को सरकार द्वारा शुरू किए गए ई–भूमि पोर्टल के बारे में जागरूक करना था। अधिकारी मान ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और सहभागिता आधारित बनाया गया है। अब किसान अपनी जमीन का पूरा विवरण ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं अपनी जमीन का मूल्य स्वयं तय कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य किसानों को उचित मुआवजा देना और उन्हें विकास प्रक्रिया में साझेदार बनाना है। संपदा अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया के पहले चरण के लिए 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह विभाग का दूसरा जागरूकता शिविर है। इससे पहले डूमरखा कलां में आयोजित शिविर में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था।

आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस परियोजना से न केवल शहर में आधारभूत ढांचे का विस्तार होगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। नए सेक्टर बसने से बढ़ती आबादी को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और नरवाना एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में उभरेगा। इस मौके पर एसडीओ तरुण कुमार, राजेंद्र आर्य सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला प्रेरणास्रोत है : स्वामी मुक्तानंद

*श्री गीता मंदिर में नवाह्न पारायण व शतचंडी दुर्गा पाठ का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़*





**करनाल, 24 मार्च ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के सेक्टर-13 स्थित श्री गीता मंदिर में रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय नवाह्न पारायण पाठ एवं शतचंडी दुर्गा पाठ का कार्यक्रम जारी है। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज के सानिध्य में हो रहे इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। नवाह्न पारायण के दौरान छठे दिन सुंदरकांड का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के अद्वितीय पराक्रम, समर्पण और भक्ति का विस्तार से वर्णन किया। उनके प्रवचन के दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सुंदरकांड केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला प्रेरणास्रोत है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा, आत्मविश्वास और गुरु के मार्गदर्शन से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। वहीं कार्यक्रम को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के साथ-साथ प्रतिदिन प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश नीलिमा सांगला ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान कैलाश गुप्ता, गुरदयाल बंसल, अजय कुमार, सुशील कुमार, भूषण गुप्ता, प्रमोद गुप्ता व अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शहीदी दिवस पर गांव यारा में भव्य दंगल कार्यक्रम आयोजित

*महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों ने दिखाया दमदख*



**शाहाबाद मारकंडा, 24 मार्च ( रूबी ) :** शाहाबाद के गांव यारा में शहीदी दिवस के अवसर पर भव्य दंगल (कुश्ती प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि प्रतियोगिता में चंडीगढ़, करनाल, कैथल सहित क्षेत्र के अनेक पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता रविंद्र सांगवान ठोल, मनदीप रावा, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम फौजी, राजेन्द्र शर्मा व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात दंगल प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें विभिन्न भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दर्शकों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल में स्थानीय तथा बाहर से आए पहलवानों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। विजेता पहलवानों को आयोजकों की ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता रविंद्र सांगवान ठोल ने प्रतिभागियों का परिचय लेकर खेल शुरू करवाया। रविंद्र सांगवान ने कहा कि कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का अपना एक महत्त्व है। दंगल कुश्ती हमारे देश व प्रदेश की प्रमुख प्रतियोगिता रही है। हमारे बड़े-बुजुर्ग दूर-दूर तक इस प्रतियोगिता को देखने के लिए जाते थे। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वह नशे जैसी बुराईयों से दूर रहकर खेलों में भाग लें। खेलों के माध्यम से भी युवा अपना भविष्य संवार सकते है। सरपंच प्रतिनिधि प्रेम फौजी ने बताया कि दंगल कुश्ती गांव में पिछले अनेक वर्षो से करवाई जा रही है। गांव में शुरू की गई इस प्रतियोगिता को आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति से जोडने और खेलों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि दंगल प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने भी भागकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करतेहुए देशभक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर सहित विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।

## लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए जागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी जरूरी : अपराजिता

**कैथल, 24 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने और भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर अंकुश लगाने के लिए केवल जागरूकता अभियान पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। इसलिए एक विशेष चार सदस्यीय कमेटी का गठित की जाए, जो अगले छह महीनों तक मासिक आधार पर विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं एमटीपी बिक्री केंद्रों, दवा विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करेंगी। खामियां मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस कमेटी में सिविल सर्जन, डीएसपी, महिला एवं बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला ड्रग कंट्रोलर शामिल रहेंगे। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक्ट स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थीं। उन्होंने लिंगानुपात के आंकड़ों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसको देखते हुए निगरानी और सख्ती दोनों बढ़ाने की जरूरत है। जिले के लिंगानुपात को राज्य औसत से ऊपर ले जाना है। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए डिकॉय ऑपरेशन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता ने कहा कि इस अभियान में आशा वर्कर और एएनएम की विशेष भूमिका अहम भूमिका हो सकती है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वे उन गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखें, जिनके पहले से बेटियां हैं और जो 12 सप्ताह के बाद गर्भपात करवाने की प्रक्रिया में हैं। सही सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख तक का इनाम देने और उनकी पहचान गुप्त रखने का आश्वासन दिया गया है। जिला ड्रग कंट्रोलर ने बताया कि हरियाणा में एमटीपी किट की खुली बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है और यह केवल अधिकृत केंद्रों पर विशेषज्ञों की देखरेख में ही उपलब्ध है। बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ लोग पड़ोसी राज्यों में जाकर पोर्टेबल मशीनों के माध्यम से गुप्त रूप से लिंग जांच किए जाने की आशंका है और वहीं से अवैध रूप से किट लाते हैं। सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि अब अल्ट्रासाउंड जांच के लिए आभा आईडी अनिवार्य कर दी गई है, जिससे प्रत्येक केस की डिजिटल ट्रैकिंग सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, डिप्टी सिविल सर्जन डा. सचिन मांडले, जिला ड्रग कंट्रोलर डा चेतन वर्मा, डा. नवराज, डा. अजय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट के तहत पीड़ित को मिले तुरंत राहत राशि : विश्राम कुमार मीणा



**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट के तहत जिन भी पीड़ित की शिकायत दर्ज होती है तो उन्हें तुरंत कानून के तहत दी जाने वाली राहत राशि देना सुनिश्चित करें। इस कार्य को समयबद्ध करने के लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट 1989) की जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस बैठक में एजेंडे में शामिल 25 बिंदुओं पर एक-एक करके विचार-विमर्श किया। जिला कल्याण अधिकारी दीपिका ने बताया कि अधिकतर मामलों में स्वीकृति जारी की जा चुकी है और जल्द ही पोर्टल के माध्यम से शेष राशि जारी की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी राशि लंबित न रखी जाए और नियमों के अनुसार ही राशि प्रदान की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज होते ही तुरंत उसकी सूचना कल्याण विभाग को दें। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के साथ अगर अन्याय होता है तो कानून के दायरे में रहकर जरूरी कार्रवाई करें, ताकि संबंधित व्यक्ति को न्याय मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग इस तरह के मामलों में पूरी गंभीरता से कार्य करें। जिला कल्याण अधिकारी दीपिका ने बताया कि इस एक्ट के अधीन अनुसूचित जाति के लोगों पर गैर अनुसूचित जाति के अत्याचारों से पीड़ित अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को 85 हजार रुपए से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस मौके पर डीएसपी रणधीर सिंह, डीए मेनपाल, जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर, सदस्य अमरजीत सिंह, राजकुमार, बलकार सिंह, सतीश कुमार, दलीप कुमार, मोहन लाल, शमशेर सिंह, रवि गुर्जर सहित विभाग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एचएयू कृषि मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्टाल पर नागरिकों को दी गई निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी




**हिसार, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि मेले के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिसार द्वारा लगाई गई जागरूकता स्टाल का निरीक्षण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अशोक कुमार द्वारा औपचारिक रूप से किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टाल पर उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न विधिक सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन, विशेषकर किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध करवाना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जा सकता है, जिससे वे अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने मेले में आए किसानों, महिलाओं एवं युवाओं को कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं और शिकायत निवारण तंत्र के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नालसा की योजनाओं से संबंधित पेम्पलेट्स व वाउचर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्टॉल का दौरा किया और इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर एडवोकेट जोगमनी शर्मा, एडवोकेट हरपाल सिंह, डिप्टी सुपरिडेंट रविंद्र, पीएलवी रविंद्र, क्लर्क बिजेंद्र सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# सुगनी देवी में इन हाउस कार्यशाला का आयोजन

*कहानियों के जरिए अलग-अलग विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाया जा सकता : पूजा छाबड़ा*

**लाडवा, 24 मार्च ( रामगोपाल ) :** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत कहानी सुनाना एक शिक्षण पद्धति विषय पर इन हाउस कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा में कहानी सुनाने को पढ़ाई से जोड़कर शिक्षण को रोचक और यादगार बनाना था। अलग-अलग ग्रेड के शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। उन्होंने अपने पढ़ाने के तरीके को संवादात्म रचनात्मक और छात्र केंद्रित बनाने की रणनीतियां सीखी। इस मौके पर पूजा छाबड़ा ने बताया कि कहानी सुनाना बच्चों की कल्पना को बढ़ाता है। इससे भावनात्मक समझ भी विकसित होती है। उन्होंने बताया कि कैसे कहानियों के जरिए अलग-अलग विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाया जा सकता है।




# रामनवमी पर 'मर्यादा और शक्ति' का संदेश व समाज उत्थान का आह्वान



**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर मनाए जाने वाले श्री रामनवमी महापर्व के लिए 'शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन' द्वारा समाज को मर्यादा, धर्म और शक्ति के संतुलन का संदेश दिया गया। संस्था ने प्रभु श्री राम के आदर्शों को वर्तमान समाज में अपनाने का आह्वान किया। संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा अधिवक्ता सुदेश शर्मा ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन मर्यादा, सत्य और कर्तव्य का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज के समय में राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए नारी सम्मान, न्याय और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाकर ही समाज को सुदृढ़ किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा सिलाई केंद्र एवं कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, रामनवमी केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर भी है। इस पर संस्था द्वारा सभी से अपील की गई कि वे समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ मिलकर कार्य करें और एक सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने 27 मार्च को मनाए जाने वाली श्री रामनवमी एवं नवरात्रि की समस्त देशवासियों को शुभकामनाएँ दी।

## हिंदी में रोजगार की अपार संभावनाएं : डॉ. जसबीर सिंह




**करनाल, 24 मार्च ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** टैगोर कॉलेज ऑफ एजुकेशन संधीर में हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से एक भव्य एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के असिस्टेंट प्रोफेसर, जसबीर सिंह भारत ने हिंदी साहित्य के समकालीन परिप्रेक्ष्य एवं रोजगार की संभावनाएं विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, अनुवाद, लेखन, पत्रकारिता, शिक्षण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं भाषा कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. किरण देवी (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स, गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार) की असिस्टेंट प्रोफेसर किरण देवी ने विस्तार व्याख्यान में भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार के बदलते आयाम विषय पर वर्तमान आर्थिक परिदृश्य, कौशल विकास एवं रोजगार के नए अवसरों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महा विद्यालय डायरेक्टर डा. रीना देवी ने की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन जयभगवान सीकरी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए उनके विचारों की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला को कुपोषण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता : योगेश कुमार मेहता



**करनाल, 24 मार्च ( प्रवीन ) :** ए.डी.सी योगेश कुमार मेहता ने कहा कि जिला को कुपोषण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए अभिभावकों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं हो। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर निगरानी रखें, जहां पर कोई बच्चा कमजोर पाया जाता है।

ऐसे स्थानों पर आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से गंभीर कुपोषित(एसएएम) और मध्यम कुपोषित(एमएएम) बच्चों के पोषण स्तर की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी स्टाफ की मैपिंग की जाए। इसके साथ ही सुपरवाइजरों द्वारा हर महीने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिए जाने वाले पूरक आहार सभी पात्र लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचाना सुनिश्चित करें। कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है। जिला में कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं व 6 माह तक के शिशुओं की विशेष निगरानी की जाए। पोषण ट्रैकर में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का डाटा पूरी सटीकता के साथ अपडेट किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीएमजीजीए श्रुति, सीपीओ रजनी राणा व संतोष, जिला समन्वयक अंजू बूरा, पीपीओ सविता राणा, वन स्टॉप सेंटर से नेहा, डीएचईडब्ल्यू मीनाक्षी शर्मा मौजूद रहे।

# जिला में मनाया गया विश्व क्षयरोग दिवस



**करनाल, 24 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** विश्व क्षयरोग दिवस पर जिला में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सिविल सर्जन डा. पूनम चैधरी व डीटीओ डा. सिम्मी कपूर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक नीलोखेड़ी, इंद्री, निसिंग, चिराओएवं घरौंडा में सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणी की उपलब्धि प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतोंको संबंधित उपमंडल अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। सिविल सर्जनडा. पूनम चौधरी ने बताया की जिला के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों पर विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। जहां जागरूकता गतिविधियां टीबी की स्क्रीनिंग तथा सभी टीबी मरीजों को विभेदित टीवी देखभाल सेवाएं प्रदान की गईं। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी मुक्तभारत के संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग केंद्र करनाल में द्वारा 30 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं, जिससे उनके उपचार एवं पोषण में सहायता मिल सके। उन्होंनेबताया कि जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवस आयुष्मानआरोग्य शिविर का शुभारंभ किया गया तथा 4 गांवों में इन शिविरों का सफलआयोजन किया गया। सम्मानित ग्राम पंचायतों को अपने-अपने गांवों में टीबीमुक्त ग्राम को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता संबंधी वॉल पेंटिंग करवाने के लिएप्रेरित किया गया। दो मोबाइल मेडिकल यूनिट के सभी स्टाफ, जिनमें रेडियोग्राफर, लैबतकनीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं ड्राइवर शामिल हैं, को उनके उत्कृष्ट कार्यके लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर एसडीएम एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता हेतु संक्षिप्त संदेश प्रसारित किए गए। इन सभी प्रयासों से जिले की टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

## फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध-आदेशों की अवहेलना करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**सोनीपत, 24 मार्च ( ब्यूरो ) :** जिलाधीश नेहा सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिला सोनीपत में गेहूं की फसल की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश जिला में 24 मार्च 2026 से 23 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। जिलाधीश ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से वातावरण में धुआं (स्मॉग) फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा आगजनी की घटनाओं से मानव जीवन, पशुधन तथा संपत्ति को भी नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा भी फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे फसल अवशेष को जलाने की बजाय उसके उचित प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों व अन्य वैकल्पिक उपायों का प्रयोग करें, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# तनाव, अनिद्रा एवं नशे से भी होता है पेटदर्द

तनाव, अनिद्रा व नशे का प्रभाव पेट पर पड़ता है और इससे कब्ज के साथ ही पेटदर्द भी होता है। इसका कारण यह है कि जब दिमाग में नकारात्मक विचार आते हैं तो आंतों पर असर होता है जिससे पेटदर्द व कब्ज की शिकायत होती है।



आईबीएस यानी इरिटेबल बाउल सिंड्रोम पाचनतंत्र से जुड़ी आम समस्या है। इसकी एक बड़ी वजह तनाव या अन्य कारणों से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली प्रभावित होना है। जब दिमाग में नकारात्मक विचार आते हैं तो आंतों पर असर होता है जिससे पेटदर्द व कब्ज की शिकायत होती है। वहीं व्यक्ति जब नींद लेता है तो उसे इन लक्षणों का अहसास नहीं होता।

लक्षण-पेटदर्द, ऐंठन, आंतों का काम बंद होना, दस्त, तनाव, कब्ज, नींद की कमी व एसिडिटी आईबीएस के प्रमुख लक्षण हैं। पेट का ठीक से साफ न होना व खट्टी डकारें आना। जी मिचलाना और दिन में बार-बार मल त्याग की इच्छा होना। गंभीर स्थिति (60 प्रतिशत मामले) में बुखार आना और खून की कमी। शरीर में पानी की कमी और अपच।

स्वस्थ व्यक्ति की आंतों का संतुलन अचानक बिगडऩे का कारण तनाव, अनिद्रा और नशा प्रमुख वजह हैं। जठराग्नि के गड़बड़ाने से भी व्यक्ति के दिमाग में वहम की स्थिति बनी रहती है और वह खुद को रोगी मानने लगता है।

पुराने चावल, तुरई, लौकी, अनार, मूंग की दाल, ज्वार, सौंठ, कालीमिर्च, अदरक, लस्सी, धनिया, पुदीना, इलायची व जीरा विभिन्न तरह से प्रयोग में लें। कुछ मामलों में आईबीएस के कारण सिरदर्द, कमरदर्द, जोड़ों व सीने में दर्द होता है। अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा एसिडिटी के कारण भी हो सकता है। मक्के की रोटी, आलू, कद्दू, जिमिकंद, अनानास, लोबिया, राजमा, प्याज, बेसन आदि से बनी चीजों को कम या न के बराबर ही खाएं।

आईबीएस का इलाज लक्षणों के आधार पर होता है। प्लेसिबो तकनीक से रोगी का इलाज करते हैं। इसमें मरीज को दिमागी कार्यप्रणाली सुचारू करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। पेट में दर्द, ऐंठन, कब्ज या दस्त, बुखार आदि समस्याओं में दवाएं दी जाती हैं। साथ ही शरीर में पानी की कमी होने पर इंट्रावेनस फ्लूड बाहरी रूप से देते हैं। दिमाग को तंदुरुस्त रखने के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त चीजें खाने और मेडिटेशन आदि करने की सलाह देते हैं। तनाव से बचने के लिए नियमित योग और व्यायाम करें। कैफीन युक्त चीजें जैसे चाय, कॉफी या शीतल पेय न लें। खानपान पर विशेष ध्यान दें, रोजाना 8 -9 गिलास पानी पीएं। कब्ज के कारण वाले पदार्थ जैसे शराब-सिगरेट से दूर रहें। फाइबरयुक्त फूड जैसे केला, सेब, गाजर आदि खाएं। तलाभुना व मसालेदार भोजन न करें। फूलगोभी, पत्तागोभी और मिर्च न खाएं। मानसिक रूप से यदि कोई तनाव, अवसाद का रूप ले रहा है तो परिवार के सदस्यों और दोस्तों से बात साझा करें।

आयुर्वेद में इस रोग को गृहणी दोष कहते हैं। इसमें रोगी को किसी प्रकार का गंभीर रोग होने की आशंका रहती है। कच्चे बील का चूर्ण, नमकीन छाछ (भुना जीरा, काला नमक व पुदीना मिली हुई), पीने से फायदा होता है। ब्राह्मी, शंखपुष्पी, अश्वगंधा का प्रयोग उपयोगी है। मेडिटेशन, शवासन व प्राणायाम करने से राहत मिलती है।

**पैरों में सूजन की वजह है 'फ्लूड रिटेंशन'** - हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पैरों में सूजन की सबसे आम वजह 'फ्लूड रिटेंशन' यानी शरीर में तरल पदार्थ का जमाव होता है, जिसे मेडिकल भाषा में 'एडीमा' कहा जाता है। यह समस्या तब होती है जब शरीर के ऊतकों में अतिरिक्त फ्लूड जमा होने लगता है।

लंबे समय तक बैठना, अधिक देर खड़े रहना या कम फिजिकल एक्टिविटी करना इसकी वजह बन सकते हैं। इसके अलावा किडनी या लिवर से जुड़ी बीमारियां भी तरल संतुलन को प्रभावित करती हैं। किडनी अगर शरीर से वेस्ट और पानी को सही से बाहर नहीं निकालती, या लिवर पर्याप्त प्रोटीन नहीं बना पाता, तो पैरों में सूजन आ जाती है। अगर सूजन के साथ पेशाब कम हो, थकान या पीलापन दिखे, तो तुरंत जांच करानी चाहिए। दिल की बीमारियां भी पैरों में सूजन का एक बड़ा कारण हैं। जब हार्ट खून को सही से पंप नहीं कर पाता, तो खून और फ्लूड शरीर के निचले हिस्सों में जमा होने लगते हैं, खासकर टखनों में। इसे कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर कहा जाता है।

अगर सूजन के साथ सांस फूलना, सीने में दर्द या थकान भी हो, तो तुरंत कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क करें। अगर एक पैर में अचानक दर्द के साथ सूजन आ जाए, तो यह नसों में खून का थक्का होने का संकेत हो सकता है, जो पल्मोनरी एंबोलिज्म जैसी गंभीर स्थिति में बदल सकता है। वहीं हाइपोथायरॉइडिज्म से भी सूजन हो सकती है क्योंकि थायरॉइड हार्मोन द्रव संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं। कुछ दवाइयों जैसे बीपी कंट्रोलर, स्टेरॉइड्स या हार्मोनल थैरेपी भी सूजन का कारण बन सकती हैं। खराब लाइफस्टाइल, अधिक नमक, कम पानी या घंटों एक ही स्थिति में बैठना भी इस समस्या को बढ़ा सकता है। इसलिए सतर्क रहें, नियमित जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें।

बता दें कि पैरों में सूजन एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जो थोड़ी सी चलने-फिरने पर भी सामने आ सकती है। हालांकि कई बार यह हल्की-फुल्की दिक्कत होती है, लेकिन जब यह समस्या लगातार बनी रहती है या बढ़ने लगे, तो इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। अधिकतर लोग मानते हैं कि पैरों में पानी भरने या थायरॉइड की वजह से सूजन आती है, लेकिन इसके पीछे कई गंभीर कारण छिपे हो सकते हैं।

# अब तो बच्चों-बुजुर्गों सभी में फैल रही मोटापे की समस्या

बढ़ता वजन हृदय रोग, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है। इन परिस्थितियों में हैल्थ विशेषज्ञों द्वारा मोटापे से परेशान लोगों को समय रहते सावधानी बरतने और जीवनशैली में बदलाव करने की सलाह दी जा रही है। नेशनल हैल्थ मिशन के मुताबिक यह समस्या अब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों में तेजी से फैल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक जीवनशैली में जंक फूड का अधिक सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी और लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना मोटापे की मुख्य वजह बन गया है। बच्चों में मोबाइल और टीवी पर ज्यादा समय बिताने की आदत के कारण उनकी शारीरिक सक्रियता कम हो रही है। वहीं वयस्कों में ऑफिस का काम, तनाव और फास्ट फूड की बढ़ती आदत ने भी वजन बढ़ने की समस्या को बढ़ावा दिया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा केवल शरीर का वजन बढ़ने तक सीमित नहीं है। यह शरीर में सूजन पैदा करता है और इंसुलिन के प्रभाव को कम कर सकता है, जिससे टाइप 2 डायबिटिज का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा धमनियों में फैट जमा होने से हार्ट डिसिज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए समय रहते इसे नियंत्रित करना बेहद जरूरी है।



विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा ऐसी समस्या है जिसे दवाइयों से ज्यादा जीवनशैली में बदलाव करके नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम या किसी न किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधि करना जरूरी है। तेज चलना, साइकिल चलाना, योग करना या किसी खेल में हिस्सा लेना शरीर को सक्रिय बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही संतुलित और पौष्टिक आहार पर ध्यान देना भी जरूरी है। घर का बना भोजन, ताजी सब्जियां, फल और साबुत अनाज का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादा तेल, चीनी, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाकर रखना चाहिए, क्योंकि ये वजन बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि सक्रिय जीवनशैली अपनाकर मोटापे के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। छोटी-छोटी आदतें जैसे लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करना, छोटे काम खुद करना और लंबे समय तक बैठे रहने से बचना भी वजन नियंत्रित रखने में सहायक साबित हो सकता है। मोटापे को नियंत्रित करने के लिए स्क्रीन टाइम कम करना भी जरूरी है। खासकर बच्चों को टीवी, मोबाइल या कंप्यूटर के सामने दो घंटे से ज्यादा समय नहीं बिताने देना चाहिए। इसके अलावा पर्याप्त नींद लेना भी स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों के अनुसार रोजाना 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद शरीर के मेटाबॉलिज्म को संतुलित रखने में मदद करती है।

## नींद की कमी से डिमेंशिया का खतरा

रात में गहरी नींद सोने से सुबह हम तरोताजा महसूस करने के साथ ही स्वस्थ भी रहते हैं। वहीं नींद की कमी से कई बिमारियों को खतरा बढ़ जाता है। यह देखा गया है कि कई बार नींद नहीं आती या अगर आप रात के समय कम सोते हैं और सोने के बाद बार-बार आपकी नींद खुल जाती है, तो सावधान हो जाएं क्योंकि एक अध्ययन की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि यह आपके याद रखने की क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर सकती है। ना केवल मानसिक, बल्कि यह शारीरिक सेहत के लिए भी ठीक नहीं है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि इससे डिमेंशिया बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।



एक किताब में कुछ ऐसा ही दावा किया गया है. किताब को लिखने वाले न्यूरोलॉजिस्ट का कहना है कि सोने के दौरान हमारा मस्तिनष्क बहुत से काम करता है. जैसे कि यादों को संचित करने और उन्हें संभालने जैसे काम करता है। डिमेंशिया एक ऐसी बामारी है, जिसमें आप चीजों को भूलने लगते हैं, आप का मूड बदलने लगता है, काम में आपका मन नहीं लगता और साथ ही आप चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। कम नींद आपके दिमाग पर बुरा असर डालती है, जिसके चलते व्यक्ति में सोचने-समझने जैसी संज्ञानात्मक क्षमता के साथ चीजों को याद रखने की क्षमता भी कम होने लगती है। एक अध्ययन में यह भी सामने आया कि कम नींद की वजह से कैंसर होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

**इन बीमारियों से बचने** -सोने का एक समय बनाएं हर दिन एक ही समय पर सोएं और उसी समय के अनुसार उठें। इस तरह से अपका दिमाग एक समय पर सोने और उठने का आदि हो जाएगा और आपकी नींद अच्छी होने लगेगी। देर रात खाने से बचें-रात में सोने से लगभग 3 घंटे पहले तक कुछ ना खाएं क्योंकि देर रात खाते ही लेट जाने से खाना डाइजेस्ट नहीं हो पाता, जिस कारण सोने के बाद बार-बार आपकी आंख खुलती रहती है और आप सुकुन की नींद नहीं ले पाते।

सोते समय लाइट्स बंद रखें-रोशनी का हमारे नींद पर बहुत असर पड़ता है। इसलिए सोने से पहले सभी लाइट्स को जरुर बंद करें. क्योंकि अंधेरे में नींद अच्छी आती है। दोपहर में ना सोएं। जिन लोगों को रात के समय ठीक से नींद नही आती वो लोग दोपहर में कभी ना सोएं।

# विटामिन बी12 की कमी से हो सकता है फैटी लिवर

हाल ही में सामने आई एक रिसर्च ने फैटी लिवर डिजीज विटामिन बी12 की कमी से भी जोड़ा है। विटामिन बी12 शरीर के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण, डीएनए संश्लेषण और तंत्रिका तंत्र के कामकाज में अहम भूमिका निभाता है। यह मुख्य रूप से मांस, अंडे और डेयरी उत्पादों में पाया जाता है। 2022 में हुए एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन बी12 और फोलिक एसिड की कमी लिवर की कोशिकाओं में फैट मेटाबॉलिज्म से जुड़ी एक जरूरी प्रोटीनसिंटाक्सीन 17 को प्रभावित करती है। इस प्रोटीन की कार्यक्षमता कम होने पर फैट लिवर की स्थिति और बिगड़ सकती है। शोध में यह भी देखा गया कि होमोसिस्टीन नामक अमीनो एसिड की अधिकता लिवर फंक्शन को बाधित करती है और एनएफएलडी को गंभीर रूप एनएएसएच (नॉन-अल्कोहोलिक स्टेटोहैपेटाइटिस) में बदल सकती है। हालांकि, जब मरीजों को विटामिन बी12 और फोलिक एसिड सप्लीमेंट दिए गए, तो उनकी लिवर सूजन और फाइब्रोसिस में सुधार देखा गया। शोधकर्ताओं का मानना है कि ये सप्लीमेंट्स सुरक्षित, सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं, जो फैटी लिवर के इलाज में प्रभावी हो सकते हैं। इससे न केवल लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत को टाला जा सकता है बल्कि यह उपचार आर्थिक दृष्टिकोण से भी किफायती साबित हो सकता है।




फैटी लिवर दो प्रकार के होते हैं— एनएफएलडी, जो शराब पीने वालों में होता है और एनएफएलडी, जो बिना शराब पीने वालों को होता है। अगर इसे समय रहते नहीं पहचाना गया, तो यह थकान, पेट दर्द, वजन घटना, आंखों और त्वचा का पीलापन जैसे लक्षण पैदा कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि लिवर प्रोफाइल और विटामिन बी12 की जांच कराकर समय पर उपचार लिया जाए। मालूम हो कि भारत में हर चार में से एक व्यक्ति फैटी लिवर डिजीज से प्रभावित है, जो अब न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। खासतौर पर नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है। यह बीमारी लिवर में चुपचाप फैट जमा होने से होती है, जो शुरुआत में बिना किसी लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचाती रहती है।

**कटहल का सेवन करें**

गर्मियों के मौसम में कटहल आने लगाता है। इसकी सब्जी स्वाद में काफी अच्छी मानी जाती है। ये स्वाद के साथ ही सेहम सेहत को भी खजाना है। पोषक तत्वों की प्रचुरता के कारण इसे सब्जियों का सुपरफूड भी कहा जा सकता है। विशेष रूप से, यह फाइबर का एक बेहतरीन और प्राकृतिक स्त्रोत है।

आयुर्वेद में कटहल को भारी और चिकनाई वाली सब्जी माना गया है, जो शरीर के पोषण की जरूरतों को पूरा करता है। कटहल को अगर सही तरीके से पकाया जाए को यह शरीर में वात का संतुलन भी करता है लेकिन अगर पाचन अग्नि मंद है तो इसका सेवन कम से कम करें क्योंकि इसे पचाने में पेट को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। भारी और चिकनाई युक्त होने की वजह से इसके पाचन में लंबा समय लगता है। कटहल के सेवन के बहुत सारे लाभ होते हैं, और शुगर के मरीजों के लिए यह सब्जी एक बेहतर विकल्प है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो रक्त में शर्करा की मात्रा को कम करता है। यह हृदय के लिए भी लाभकारी होती है और कोलेस्ट्रॉल को भी कम करने में मददगार है। इसमें पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो हृदय से जुड़े रोगों के खतरे को कम करता है। कटहल में अधिक मात्रा में फाइबर भी होता है। अगर कब्ज या आंतों में गंदगी जमा रहती है, तो कटहल का सेवन आंतों को साफ करने में भी सहायक है। यह आंतों के लिए एक ब्रश की तरह काम करता है, जो गंदगी को जल्दी से जल्दी शरीर से बाहर निकालता है। पेट के साथ-साथ यह सब्जी सौंदर्य को बढ़ाने में भी लाभकारी है। इसमें मौजूद विटामिन ए और सी मिलकर स्किन और बालों को निखारने का काम करते हैं। इसके साथ ही कुछ लोगों को कटहल के सेवन में सावधानी बरतनी चाहिए। गैस या मंद पाचन वाले लोगों को इसका सेवन कम ही करना चाहिए।

# मन की प्रसन्नता अनेक मानसिक, शारीरिक रोग दूर करने में सक्षम

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है।बस! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है,क्योंकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि, प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा! खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार, सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।



साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते हैं, परंतु बहुत हैरानी की बात है प्रसन्नता इंडेक्स में अनेक पूर्ण विकसित देशों के साथ ही भारत भी पिछड़ा हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है! विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट में 146 देशों की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 5 वर्षों से प्रथम और डेनमार्क द्वितीय और आयरलैंड तृतीय स्थान पर है।जबकि इस रिपोर्ट में भारत 136 वी रैंक पर है याने लास्ट टॉप टेन इतनी ख़राब हालात जो आश्चर्य वाली बात है। साथियों बात अगर हम मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता-असफलता, जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैंः अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसी अचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है। प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को ज़रूर लुटाइए फ़िर देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है । क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है । सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती । प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है । प्रसन्नतापूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टि, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है इसलिए हर व्यक्ति ने इस गुण को अपने में समाहित कर जीवन को सफल बनाने के मंत्र को अपनाना चाहिए।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मन की प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है जितना लूटाएंगे उतना बढ़ता चला जाएगा। मन की प्रसन्नता अनेक मानसिक शारीरिक रोग दूर करने में सक्षम है इसलिए ही खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता भरी आंखों की चमक मनीषियों की दुर्लभ पूंजी है।

**( संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए ( एटीसी )**

# सरकार ने टीबी के मरीजों की विशेष जांच के लिए सीएससी में स्थापित की मशीन : डा. कृष्णकांत

### *प्राइवेट संस्थान में लगभग 2500 रुपए की खर्च वाली जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में होगी निशुल्क*

**लाडवा, 24 मार्च ( रामगोपाल ) :** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि आज विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में टीबी के मरीजों के विशेष जांच के लिए टू नोट मशीन की स्थापना सरकार के द्वारा की गई है। इसके क्षय रोग की शीघ्र एवं सटीक पहचान सुनिश्चित करना अब लाडवा जैसे शहर में आसान हो जाएगा। इस मशीन के माध्यम से अब लाडवा में क्षय रोग की जांच आसानी से हो सकेगी। इसके सैंपल को अन्य लैब में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे जांच रिपोर्ट जल्दी प्राप्त होगी और मरीजों का समय पर इलाज शुरू करना संभव होगा। यह जांच प्राइवेट संस्थान में लगभग 2500 रुपए की खर्च होने उपरांत ही हो पाती है। यह सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में निशुल्क उपलब्ध हो गई है। इस मशीन के माध्यम से अब लाडवा में क्षय रोग की जांच उपलब्ध होने से लाडवा शहर की आम जनता को बेवजह जिला स्तर पर जांच हेतु नहीं जाना पड़ेगा। विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसमें क्षय रोग से संबंधित




बीमारी के बारे में आम जनता तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि क्षय रोग जैसी बीमारी छुआछूत से नहीं फैलती है। यह केवल संक्रमित व्यक्ति के बलगम में कीटाणु की वजह से ही किसी स्वस्थ व्यक्ति को हो सकती है और अगर इसका इलाज लिया जाता है, तो व्यक्ति के शरीर से यह कीटाणु पूरी तरह से समाप्त हो जाते हैं। यह पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। आम जनता को अगर क्षय रोग से संबंधित लक्षण जैसे की बुखार या दो सप्ताह से ज्यादा खांसी इत्यादि होती है तो वह अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर करवा सकते हैं और क्षय रोग जैसी भयंकर बीमारी से बच सकते हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि इस मशीन के द्वारा एक सटीक रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी। इससे कि मरीजों को इस मशीन के शुरू होने से मरीजों को तेज सटीक उचित क्षय रोग की जांच सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे लाडवा क्षेत्र में टीबी नियंत्रण को मजबूती मिलेगी। यह स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहा एक सफल अभियान है।

डॉ. कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने आम जनता से अपील की कि वह किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी या उचित इलाज हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर सकते हैं तथा सरकारी अस्पताल लाडवा में सरकार द्वारा विभिन्न जांच, एक्स-रे, दवाइयां, खून बलगम की जांच, शल्य प्रक्रिया द्वारा प्रसव की सुविधा (एलएसीएस) बिल्कुल निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 5000 वर्षों पश्चात पुन: गूंजेगा गीता का शंखनाद

### *27 एवं 28 मार्च को आयोजित होगा ऐतिहासिक सहस्त्र गीता कंठनाद-राष्ट्र जागरण महायज्ञ*

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** भारतीय संस्कृति की अक्षय निधि तथा अध्यात्म की शाश्वत धारा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र एक बार पुन: उस दिव्य संवाद की साक्षी बनने जा रहा है जिसने युगों से मानवता को दिशा प्रदान की है। गीता परिवार के स्थापना काल के 40 स्वर्णिम वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सहस्त्र गीता कंठनाद-राष्ट्र जागरण महायज्ञ की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन मनीषा वत्स द्वारा किया गया। इस अवसर पर गीता परिवार के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या के कोषाध्यक्ष परम पूज्य




स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ के संबंध में गीता परिवार के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ संजय मालपाणी के मार्गदर्शन का उल्लेख किया गया। मंच पर गीता परिवार के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ आशु गोयल, उत्तरांचल प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता, अद्वैत वेदांताचार्या एवं लर्नगीता की प्रोग्राम इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर रूपल शुक्ला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। 27 एवं 28 मार्च को आयोजित इस राष्ट्र जागरण महायज्ञ में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अविराम श्रृंखला सम्पन्न होगी।

**कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण :** विश्व के 11 देशों एवं भारत के 22 राज्यों से पधारे 1000 से अधिक गीताव्रती साधकों द्वारा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर संपूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता का सामूहिक कंठनाद। राष्ट्रव्यापी गीता ओलंपियाड के विजेताओं का भव्य मंच से सम्मान। गीता परिवार के संस्थापक अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज के आशीर्वचन। योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति।

**सांस्कृतिक महाशोभायात्रा, लघु भारत की दिव्य झलक :** यह आयोजन का एक विशेष आकर्षण भव्य गीता शंखनाद यात्रा होगी जिसमें विभिन्न राज्यों से आए गीता परिवार के साधक अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक संगीत एवं सांस्कृतिक स्वरूप के साथ सहभागिता करेंगे। यह यात्रा विविधता में एकता तथा सांस्कृतिक राष्ट्रचेतना का जीवंत दर्शन कराएगी।

27 मार्च को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जब 1000 से अधिक गीताव्रती साधक एक स्वर में संपूर्ण गीता का कंठनाद करेंगे तब यह दृश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय उत्सव होगा। ये वे साधक हैं जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों को कंठस्थ किया है। 28 मार्च को मुख्य कार्यक्रम सहस्त्र गीता कंठनाद पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा जिसमें देशभर से संतवृंद, मनीषी, धर्मप्रचारक, विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिक सहभागिता करेंगे। लर्नगीता विश्व का सबसे बड़ा नि:शुल्क ऑनलाइन गीता अध्ययन अभियान है जिसमें 182 देशों के 15 लाख से अधिक साधक जुड़ चुके हैं। इस आयोजन में लगभग 1500 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता अपेक्षित है।

# बंधुआ मजदूरी पर सख्ती के बाद एसडीएम ने दिए कड़े निर्देश

**नरवाना, 24 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में बंधुआ मजदूरी चौकसी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, भट्ठा संचालक और समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भट्ठों व अन्य संस्थानों में कार्यरत मजदूरों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि वे उनका अधिकतम लाभ उठा सकें। एसडीएम ने शिक्षा विभाग और भट्ठा संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सभी बच्चों का




नजदीकी सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाना अनिवार्य किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरीबैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, बिजली, सुरक्षित आवास और साफ-सुथरे शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही न्यूनतम वेतन का सख्ती से पालन करने और मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक देने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए एसडीएम ने कहा कि भट्ठों पर समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएं और श्रमिकों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाए ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते उपचार हो सके। एसडीएम जगदीश चंद्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी या श्रमिकों के साथ अन्याय पाया गया तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा को समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक में तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, एलडीएम अनुपम मारंडी, लेबर इंस्पेक्टर सोनू, खाद्य पूर्ति विभाग के निरीक्षक मनविंदर, भट्ठा एसोसिएशन के प्रधान शमशेर मोर, आशुतोष शर्मा, चौकसी समिति के सदस्य रामनिवास शर्मा, विनय मित्तल एवं महेंद्र सिंह बेदी सहित अन्य अधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ने मनाया भव्य वार्षिक उत्सव

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में एक भव्य वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह उत्कृष्टि-2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डीएवी गान के साथ हुआ। जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के नन्हे मुन्हों छात्रों द्वारा बचपन के आंगन में गीत पर प्यारी सी प्रस्तुति दी। इसके साथ जुम्बा,





योगा और ताइकवांडों की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जंक फूड के नुकसान बताते हुए एक सुंदर नाटक का मंचन किया गया। इसके साथ शंखनाद और डीएवी जय गीत पर छात्रों ने शानदार प्रस्तुतियां पेश की जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति में बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुभाष सूधा व उमा सुधा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जसटिस प्रीतम पाल, उपाध्यक्ष डीएवी मैनेजिंग कमेटी व माया देवी, स्कूल मैनेजर डॉ. विवेक कोहली भी मौजूद रहे। जसटिस प्रीतम पाल ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि डीएवी विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों का मंदिर है। यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी न केवल अच्छे नागरिक बनते हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी बनते हैं। स्कूल मैनेजर विवेक कोहली ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होनें कहा कि आज के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जरूरत है सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की और डीएवी विद्यालय इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। प्राचार्या गीतिका जसूजा ने अभिभावको के समक्ष पूरे साल की उपलब्ध्यिों का विवरण पेश करते हुए स्कूल की प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही छात्रों के भविष्य के निर्माता होते हैं और हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर रिंकु वर्मा प्रिंसीपल डीएवी पब्लिक स्कूल समालखा, अरूण वर्मा प्रिंसीपल डीएवी पूलिस पब्लिसक स्कूल करनाल, दीपक मिगलानी डीएवी पब्लिक स्कूल नीलाखेड़ी भी उपस्थित रहे।

# गेहूं की सरकारी खरीद की आढ़त 64 रुपए अदा करे केंद्र सरकार : सुभाष गुप्ता

### *हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन ने सौपा तहसीलदार को मांगों का ज्ञापन पत्र, बोले : गेहूं की खरीद होने से पहले 12 करोड़ की शॉर्टेज राशि आढ़तियों के खाते में डाली जाए*

**करनाल, 24 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन आज अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंचा। जहां उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन पत्र तहसीलदार कृष्ण कुमार के माध्यम से जिला के डीसी उत्तम सिंह को सोपा। हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सोपे के ज्ञापन पत्र में कहा है कि वर्ष 2020 में केंद्र सरकार गेहूं और धान की सरकारी खरीद पर दी जाने वाली आढ़त को 40 प्रति क्विंटल कर दिया गया था और 6 साल के आढ़ती संगठन के संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने इसमें 4.75 पैसे की मामूली बढ़ोतरी की है। सुभाष गुप्ता ने कहा कि आज के समय में गेहूं की सरकारी खरीद की आढ़त 64 रुपए के करीब बनती है। जबकि केंद्र सरकार हमें 50.75 पैसे दे रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि हरियाणा सरकार अपने बजट में आढ़तियों को दी जाने वाली आढ़त के भुगतान को नौ रूपए से बढक़र करीब 14 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अदा करें ताकि आढ़तियों को राहत मिल सके। उन्होंने एमएसपी पर खरीद की जाने वाली सरसों, बाजरा, सूरजमुखी और सभी फसलों की आढ़त को 2.5 प्रतिशत किया जाए और सभी फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ही की जाए। सुभाष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद निर्धारित की है। लेकिन अभी तक हरियाणा की अनाज मंदिरों में बारदाना नहीं पहुंचा है। ऐसे में सीजन सर के ऊपर खड़ा है और अनाज मंडियों में जब






अनाज भरने के लिए बोरिया ही नहीं होगी तो गेहूं की खरीद कैसे की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बारदाने का तुरंत प्रबंध करें। ज्ञापन पत्र में कहा गया कि 2024 -25 के दौरान की गई गेहूं की खरीद पर मौसम में गर्मी की अधिकता के कारण आढ़तियों को नुकसान उठाना पड़ा था। जिसकी भरपाई के लिए 12 करोड़ की शॉर्टेज राशि को आढ़तियों को सरकार ने वापस दिए जाने का ऐलान किया था। मगर अभी तक इस पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**सरकार से मांग : गेहूं की खरीद होने से पहले यह राशि आढ़तियों के खाते में डाली जाएं :** इस मौके पर हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, शमशेर सिंह डाबरा, अनिल चौधरी सहित तमाम पदाधिकारियों ने कहा कि वह सरकार से मांग करते हैं कि गेहूं की खरीद होने से पहले यह राशि आढ़तियों के खाते में डाल दी जाए ताकि किसी भी परेशानी से बचने के लिए आढ़तियों को दिक्कत ना हो। उन्होंने मांग की कि मंडियों में हर विभाग के लिए अलग-अलग ट्रांसपोर्ट और ठेकेदार की व्यवस्था की जाए जिससे मंडियो में उठान में दिक्कत ना आए। उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा एफसीआई के माध्यम से साइलो पर की जाने वाली खरीद पर केवल आधी आढ़त ही दी जा रही है और कुछ जगह पर केवल 25.37 पैसे प्रति क्विंटल की दर से ही आढ़त दी जा रही है। इसलिए साइलो पर गेहूं खरीद की आढ़त को भी ढाई प्रतिशत के हिसाब से दिया जाए। उन्होंने यह भी मांग की हरियाणा सरकार कमीशन एजेंट को भी जीएसटी रजिस्ट्रेशन से मुक्त करें। ज्ञापन पत्र में कहा गया कि हरियाणा की मंडियों में आढ़तियों को बूथ लाइसेंस प्रदान किए गए थे और अब हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने इन लाइसेंसों को 1 अप्रैल 2025 से 30000 की फीस के साथ 1 साल के लिए रिन्यू करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने मांग की है कि इन सभी लाइसेंस की रिन्यू की सीमा 1 साल हटा दी जाए और बूथ लाइसेंस की रिन्यू की राशि भी अन्य लाइसेंस की तरह 600 रुपये ली जाए। जिससे अनाज मंडी में काम कर रहे हैं आढ़तियों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जिला करनाल की 14 मंडियों के प्रधान मौजूद रहे।

# अवैध रूप से सट्टा खाईवाली करते हुए आरोपी काबू

### *आरोपी के कब्जे से 5520 रुपए नगदी बरामद*

**करनाल, 24 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** अवैध रूप से सट्टाखाईवाली करने के आरोप में पुलिस ने सैनी कालोनी करनाल के रहने वाले सुरेंद्र को काबू किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5520 रुपए की नगदी भी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अवैध रूप से पर्चियों के द्वारा नंबर लगाकार सट्टाखाईवाली कर रहा था। इसी कड़ी में सहायक उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में टीम ने आरोपी को काबू किया गया और आरोपी से नगदी भी बरामद की गई। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने करनाल आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा अवैध सट्टेबाजी या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# देवेंद्र अग्रवाल बने अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान

**करनाल, 24 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** अग्रवाल वैश्य समाज की संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने देवेन्द्र अग्रवाल को करनाल जिला ईकाई का अध्यक्ष, संजय गोयल घरौंडा को महासचिव और मुकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि वह समाज की एकता, संगठनात्मक कार्यों एवं राजनीतिक भागीदारी के संकल्पों को पूरा करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अग्रवाल वैश्य समाज को संगठित करने का प्रयास करेंगे तथा समाज के हितों की प्रभावी रूप से रक्षा और उन्नति सुनिश्चित करेंगे।



# नशा रोकने के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी : उत्तम सिंह

**करनाल, 24 मार्च ( प्रवीन ) :** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन -1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है। उन्होंने बताया कि नशे से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डी.सी उत्तम सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी की जानकारी हो, तो वे गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

नशा रोकने के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी : उत्तम सिंह

करनाल, 24 मार्च ( प्रवीन ) : डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन -1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है। उन्होंने बताया कि नशे से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डी.सी उत्तम सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी की जानकारी हो, तो वे गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

# गन्ना खेती से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति : कृष्ण कुमार

**कैथल, 24 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** कैथल सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव फतेहपुर में प्रगतिशील किसान महेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना फसल वर्तमान समय में किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बनकर उभर रही है। गन्ना खेती को अपनाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और यह फसल उनकी खुशहाली का प्रमुख आधार बन सकती है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि चीनी मिल प्रबंधन किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रहा है। ,

उन्होंने बताया कि गन्ना फसल के लिए आवश्यक बीज व कीटनाशक किसानों को ब्याज रहित ऋण पर दिए जा रहे हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ कम हो रहा है। इसके साथ ही ऑनलाइन टोकन प्रणाली लागू होने से किसानों को मिल में गन्ना आपूर्ति के दौरान लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता, जिससे उनके समय की बचत हो रही है और प्रक्रिया पारदर्शी बनी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गन्ना खेती को बढ़ावा देने के लिए मिल प्रबंधन किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता निरंतर उपलब्ध कराता रहेगा। बैठक के दौरान यह भी सामने आया कि जो किसान पहले गन्ने की खेती छोड़ चुके थे, वे अब पुन- इस ओर रुख कर रहे हैं। पिछले वर्षों में गन्ना उगाने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार देखा गया है, जिससे अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं। बैठक में उपस्थित किसानों ने प्रबंध निदेशक को विश्वास दिलाया कि वे इस बार गन्ने की बुवाई को प्राथमिकता देंगे और अधिक क्षेत्र में इसकी खेती करेंगे। इस अवसर पर गन्ना विपणन अधिकारी डॉ. रामपाल सिंह तंवर, गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. सुलतान सिंह, शमशेर के अलावा किसान फतेह सिंह, सुखविंद्र, गुरनाम, अनिल, संजीव, रामफल और गुलतान नैन सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# एक साल में 115.65 करोड़ के विकास कार्य, शहर को मिली नई रफ्तार : सुमन बहमनी

## मेयर सुमन बहमनी के कार्यकाल का एक साल पूरा, विकास कार्यों की बदली तस्वीर

**यमुनानगर, 24 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी बुधवार यानी आज अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर रही है। 25 मार्च 2025 को उन्होंने मेयर पद की शपथ ग्रहण की थी। उनके पदभार संभालने के बाद से शहर में विकास कार्यों को नई गति मिली है। बीते एक वर्ष के दौरान नगर निगम क्षेत्र में करीब 115 करोड़ 64 लाख 68 हजार 860 रुपये की लागत से विकास कार्य प्रगति पर रहे, जिनमें कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मेयर सुमन बहमनी के नेतृत्व में शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। गलियों और नालियों का निर्माण, स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, जिससे शहर की सड़कों पर रोशनी और सुरक्षा दोनों में सुधार हुआ। नगर निगम द्वारा सामुदायिक केंद्रों के निर्माण और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। इन कार्यों से न केवल नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिली, बल्कि शहर की सुंदरता में भी इजाफा हुआ है। हर वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई, जिससे संतुलित विकास सुनिश्चित हो सका। शहर के बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स को भी इस दौरान गति मिली। ऑडिटोरियम और ओपन एयर थिएटर, रिवर वाटर फ्रंट और हमीदा पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम आगे बढ़ा है। इन योजनाओं के पूरा होने के बाद शहर को एक नई पहचान मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा नगर निगम के नए भवन के निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में और अधिक सुविधा आएगी। मेयर सुमन बहमनी ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल को जनता के सहयोग का परिणाम बताते हुए कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए निगम निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी विकास कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि यमुनानगर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर बनाया जा सके।



**22600 स्ट्रीट लाइट लगी, नवंबर तक हर वार्ड होगा जगमग**

मेयर सुमन बहमनी के कार्यकाल में एलईडी लाइट लगाने के कार्य को तेजी मिली। एलईडी लाइट परियोजना के तहत नगर निगम क्षेत्र को जगमग करने का कार्य प्रगति पर है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 41664 एलईडी लाइट लगाई जानी है। इनमें से वार्ड 1, 2, 3, 13, 15, 16, 17, 21 व 22 में लगभग 22600 लाइट लगाई जा चुकी है। बाकी वार्डों में लाइट लगाने का कार्य चल रहा है। मई 2025 में लाइट लगाने का यह कार्य शुरू किया गया था। नवंबर 2026 तक हर वार्ड एलईडी लाइटों से जगमग होंगा।

**आवारा कुत्ते पकड़ने का काम किया शुरू**

शहर में आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी करने के कार्य की शुरूआत मेयर सुमन बहमनी के कार्यकाल में हुई। जनवरी माह में नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य शुरू किया गया। अब तक नगर निगम द्वारा शहर से 899 कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी व टीकाकरण कराने का कार्य किया गया है। इसके अलावा बंदरों को पकड़ने का कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा हमारा शहर बेसहारा पशु मुक्त बना है।

**नए प्रोजेक्ट को मिली गति –** नगर निगम की महत्वपूर्ण परियोजना रिवर वाटर फ्रंट, हमीदा पार्क जैसी परियोजनाओं की भी शुरुआत हुई है। हमीदा हेड के पास भव्य पार्क बनाने का कार्य शुरू किया गया है। हमीदा हेड पार्क बनाने का 10 प्रतिशत कार्य हो चुका है। वहीं, रिवर वाटर फ्रंट की जल्द शुरुआत की जाएगी। शहर के बीचों बीच ऑडिटोरियम एवं ओपन एयर थियेटर का निर्माण 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। जल्द इसकी सौगात शहरवासियों को मिलने की संभावना है।

# नगरपालिका राजौंद ने सख्त कार्रवाई करते हुए ड्यूटी में लापरवाही पर सफाई कर्मचारी किया सस्पेंड

**राजौंद, 24 मार्च ( नरेश कुमार ) :** नगरपालिका प्रशासन इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था और ड्यूटी में लापरवाही व कोताही बरतने को लेकर बरती जा रही ढिलाई पर कड़ा संज्ञान लेते हुए नगरपालिका के सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार की अनुशंसा पर एक सफाई कर्मचारी बंटी पुत्र रमेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कर्मचारी पर बार-बार चेतावनी के बावजूद ड्यूटी से नदारद रहने और कार्य में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप हैं। नपा सचिव नरेंद्र कुमार और सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। और गत दिनों सौंगल गांव में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी बंटी की ड्यूटी लगाई गई थी पर वहां भी किसी सूचना दिए बिना ड्यूटी से गायब रहा। इसी कड़ी में उक्त कर्मचारी की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं पाई गई। बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी को पहले भी कई बार मौखिक और लिखित तौर पर सुधार के निर्देश दिए गए थे, लेकिन व्यवहार में कोई बदलाव न देख प्रशासन ने निलंबन का हंटर चला दिया। सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर की स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सस्पेंशन की इस कार्रवाई से अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है। और भविष्य में अगर कोई भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर लापरवाही करता पाया गया तो उस पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका सचिव नरेन्द्र कुमार ने कहा कि जनता को स्वच्छ वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है। जो भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर नहीं होगा, उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## नरवाना में आयोजित युवा इनेलो सम्मेलन ने तोड़े सभी रिकॉर्ड : धर्मवीर पाढ़ा

**असंध, 24 मार्च ( दलसिह मान ) :** शहीदी दिवस पर नरवाना में आयोजित युवा इनेलो सम्मेलन लाखों की संख्या में युवाओं ने शिरकत



करके यह प्रमाणित कर दिया कि आज भी युवाओं में देश और समाज के लिए कुर्बानी का जज्बा है। आज का युवा देश और प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवा सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड दिए है। उपरोक्त विचार इनेलो के राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर पाढ़ा ने युवा सम्मेलन की सफलता के लिए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहे । उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा क्षेत्र व करनाल जिले से हजारों युवाओं ने सम्मेलन में भाग लिया। युवा वर्ग इनेलो के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इनेलो ने हमेशा शहीदों और हर वर्ग के मान-सम्मान की रक्षा की है। हरियाणा की जनता समझ चुकी है कि प्रदेश में भाजपा का असली विकल्प केवल इनेलो ही है। पाढ़ा ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और सम्मान देने में विफल रही है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला लगातार युवाओं और आम जनता के मुद्दों को मजबूती के साथ उठा रहे है। इनेलो हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर देने के पक्ष में रही है। आने वाले समय में युवाओं की भागीदारी से ही प्रदेश में बदलाव संभव है। पाढ़ा ने कहा कि युवा सम्मेलन में जनविरोधी सरकार को उखाड़ फैंकने का संकल्प लिया और अभय सिंह चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया । उन्होने कहा कि इनेलो शहीदे आजम भगत सिंह के दिखाए संघर्ष के रास्ते पर चल रही है। इस अवसर पर प्रेम सिंह राणा, ओमकुमार राणा, नरेश गंगाटेहडी, महेंद्र मानपुरा, नरेश घनघस, शीशपाल पाढ़ा, दयानंद मान, संजय मान पहलवान, राजपाल सरपंच, रामफल, वेदप्रकाश ढुल सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश में एलपीजी सिलेंडरों कोई कमी नहीं है ज्योति सैनी

**कैथल, 24 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** कैथल भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी ने एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक में आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एलपीजी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध उपयोग के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 8 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें 52 आरोपियों की संलिप्तता सामने आई है तथा 825 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। ज्योति सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत सामने आने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।



# बचत व सुरक्षा के प्रति किया छात्राओं को किया जागरूक

**मूनक, 24 मार्च ( जयभगवान ):** आर्य कन्या महाविद्यालय गुरुकुल, मोर माजरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न सामाजिक एवं जागरुकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता के प्रति जागरुकता, आत्मनिर्भरता एवं स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता संरक्षण अभियान के साथ हुई । जिसमें स्वयंसेविकाओं ने गांव मोर माजरा के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को यह भी बताया कि स्वच्छ वातावरण न केवल बीमारियों को दूर रखता है, बल्कि एक स्वस्थ और समृदध समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांव का संदेश देते हुए लोगों को कूड़ा-कचरा सही स्थान पर डालने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात %योग: एक प्रोफेशन विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें प्रबंधन समिति के सदस्य तेजवीर खर्ब ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं, बल्कि एक उज्ज्वल करियर विकल्प भी बन चुका है। उन्होंने योग के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छात्राएं योग प्रशिक्षक, योग थेरेपिस्ट एवं वेलनेस कोच के रूप में अपना भविष्य सुरक्षित कर सकती हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में आत्मनिर्भर भारत विषय पर छात्राओं द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने सार्वजनिक स्थलों पर भाषण देकर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय उदयोगों को बढ़ावा देने तथा अपने कौशल के विकास के महत्व पर जोर दिया। छात्राओं ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी शुभम महरा ने छात्राओं को आवश्यकताएँ और इच्छाओं के बीच अंतर समझाया तथा अनावश्यक खर्च से बचने की सलाह दी। उन्होंने बचत की आदत अपनाने और आय का कम से कम 10% हिस्सा बचाने पर जोर दिया। इन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना और साइबर सिक्योरिटी के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में करनाल की डीएसपी राखी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। डीएसपी ने छात्राओं को जागरूक नागरिक बनने का संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस व्याख्यान से छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी तथा उन्होंने सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस दिन आयोजित गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, अनुशासन एवं सामाजिक सेवा की भावना का विकास हुआ। छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लिया तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविदयालय प्रशासन, कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी स्वयं सेविकाओं ने यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर प्रधान सुखबीर सिंह मान, उप प्रधान भूपेंद्र सिंह मान, सचिव ओम प्रकाश, सहसचिव बलवान सिंह, पूर्व प्रधान दिलीप सिंह मान, पूर्व सचिव राम सिंह, और समस्त कार्यकारिणी के सदस्य, ऑफिसर डॉ. कविता के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संदीप कंधवाल ने सभी प्राध्यापिकाओं और छात्राओं को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उनकी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बधाई दी।



# खरीद एजेंसियों ने खरीद कार्य में जरा सी भी लापरवाही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार गेहूं खरीद कार्य 1 अप्रैल से शुरू होगा। इस सीजन में लगभग 5 लाख 91 हजार 284 मीट्रिक टन गेहूं की आवक आने की संभावना है। इस खरीद कार्य के लिए कुरुक्षेत्र में 25 मंडिया और सब सेंटर स्थापित किए गए है। इन सभी खरीद केन्द्रों पर एजेंसियों के अधिकारियों को मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। अगर किसी भी स्तर पर खरीद कार्य में लापरवाही नजर आई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लाडवा उपमंडल अधिकारी अनुभव मेहता वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। उन्होंने सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ मंडियों का निरीक्षण करे और तमाम सुविधाओं और प्रबंधों का जायजा ले। सरकार के निर्देशानुसार मंडी में फसल लेकर पहुंचने वाले किसान के वाहन का फोटो होगा, जिसे पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत गेट पास जारी होगा, बायोमेट्रिक फसल बेचने के समय होगी। उन्होंने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रबी खरीद सीजन 2026-27 के लिए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाये। संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्र में स्थित मंडियों का दौरा कर आवश्यक सुविधाएं जांचे और आवश्यकता अनुसार सभी प्रबंध करवाये ताकि खरीद सीजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला की सभी 25 अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल 2026 से शुरू होगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मंडियों व खरीद केंद्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाये। सरकार के निर्देशानुसार मंडियों व खरीद केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीने ही प्रयोग की जाएगी। मंडियों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, रास्तों और शौचालयों की समुचित व्यवस्था हो। इसके साथ ही आढ़ती तिरपालों की व्यवस्था रखें। उन्होंने सभी मंडियों के अलावा खरीद केंद्रों में उपलब्ध स्थान के साथ-साथ गेहूं भंडारण के बारे में भी समीक्षा की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मार्केट कमेटी के सचिवों को निर्देश दिए कि वे यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि मंडियों में सभी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध करवा दी गई है। मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल हो। इसके अलावा मुख्य प्रवेश द्वार पर कंप्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था भी करवाई जाए ताकि गेट पास जारी करने में असुविधा न हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का खातों सहित पूर्ण ब्यौरा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपडेट करें ताकि किसानों को अदायगी करते समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडें। उन्होंने अधिकारियों को इस संदर्भ में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी द्वारा सभी मंडियों में किसान सहायता केंद्र खोले जाएं तथा कर्मचारी की नियुक्ति भी की जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां एवं मार्केट कमेटी के सचिव यह सुनिश्चित करें कि खरीद की गई सभी ढेरियों का इंद्राज एच रजिस्टर में हो। मंडियों के सभी शैडो की सफाई व मंडी से बरसाती पानी के निकासी के प्रबंध भी किए जाये। अधिकारी किसानों को जागरूक करें कि वे गेहूं की फसलों को सुखाकर व साफ-सुथरा करके मंडियों में लाएं ताकि फसल बिक्री में असुविधा न हो। मंडी फडों पर साफ-सफाई का प्रबंध भी करवाया जाये। सरकार द्वारा गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सभी आढ़तियों के पास फसल की सफाई के लिए झरने हो तथा मंडियों में आने वाली गेहूं व अन्य फसलों की झराई व सफाई करवाई जाए। उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को मंडियों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसडीएम पिहोवा अनिल दून, नगराधीश आशीष कुमार, डीएफएससी नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।




